## खबर संक्षेप

### नगर निगम के पांच कर्मचारी सम्मानित होकर हुए सेवानिवृत्त

**सागर।** नगर निगम सागर की विभिन्न शाखाओं में लंबे समय से सेवा दे रहे पांच कर्मचारियों का सेवानिवृत्ति समारोह नगर निगम सभाकक्ष में गरिमामय वातावरण में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर निगम अध्यक्ष वृंदावन अहिरवार ने की। सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों में स्वास्थ्य विभाग के राजाराम कुंजी, विमला/लल्लू और गीता/लखन, सामान्य प्रशासन विभाग के राजेंद्र गुप्ता तथा प्रकाश विभाग के भगवानदास शर्मा शामिल हैं। इन सभी कर्मचारियों को उनकी उत्तम सेवाओं के लिए निगम अध्यक्ष वृंदावन अहिरवार, कर्मचारी संघ के अध्यक्ष हरेंद्र खटीक तथा उपस्थित अधिकारियों-कर्मचारियों ने शाल, श्रीफल एवं पुष्पहार पहनाकर सम्मानित किया। साथ ही निगम अध्यक्ष द्वारा सभी को प्रशस्ति पत्र भेंट कर उनके कार्यों की सराहना की गई। इस अवसर पर निगम अध्यक्ष वृंदावन अहिरवार ने कहा कि नगर निगम की प्रगति और व्यवस्था में कर्मचारियों की महत्वपूर्ण भूमिका रहती है। उन्होंने कहा कि सेवानिवृत्त कर्मचारी अपने अनुभव और निष्ठा के कारण सदैव प्रेरणा स्त्रोत बने रहते हैं। निगम परिवार उनकी सेवाओं का ऋणी है। उन्होंने सभी सेवानिवृत्त कर्मचारियों के उज्ज्वल, स्वस्थ एवं सुखद भविष्य की कामना करते हुए कहा कि निगम सदैव उनके योगदान को स्मरण रखेगा।

### एनसीसी कैडेट्स को सिखाए प्राथमिक चिकित्सा के गुर

**सागर।** ढाना में आयोजित एनसीसी शिविर के दौरान आपातकालीन स्थितियों से निपटने की क्षमता और सामाजिक उत्तरदायित्व विकसित करने प्राथमिक चिकित्सा सहायता का प्रशिक्षण वरिष्ठ हड्डी रोग विशेषज्ञ जीएस चौबे द्वारा दिया गया। ढाना में आयोजित एनसीसी शिविर में शामिल हो रहे संभाग के लगभग 400 कैडेट्स को वरिष्ठ हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉक्टर जी एस चौबे ने सड़क पर होने वाली दुर्घटना, खून निकलना, पेड़ से गिर हड्डी टूटना या चोट लगना, हड्डी टेड़ी हो जाना, रीढ़ की हड्डी में फेक्चर होने की स्थिति में उपचार करने के गुर बताए। चौबे ने हड्डियों, प्लास्टर के माध्यम से प्रायोगिक तौर पर समझाया कि उक्त विषम परिस्थिति बने तो कैसे निपटा जाए। डॉक्टर चौबे ने कहा कि विकलांगता या दिव्यांगता से बचाव के लिए प्राथमिक चिकित्सा प्रशिक्षण जरूरी है। प्राथमिक उपचार के माध्यम से लोगों को या स्वयं को विकलांगता से बचाया जा सकता है।

अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव में शामिल हुए तीन हजार से अधिक गीता पाठी

# गीता महोत्सव पर शासन के भागीरथी प्रयास राज्य को आध्यात्म की ओर ले जाएंगे: महंत नरहरि दास

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर



गीता महोत्सव पर शासन के भागीरथी प्रयास राज्य को आध्यात्म की ओर ले जाएंगे। उक्त विचार वृन्दावन बाग मंदिर के महंत नरहरि दास ने अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव के अवसर पर आयोहित कार्यक्रम में व्यक्त किए। इस अवसर पर महापौर संगीता सुशील तिवारी, श्याम तिवारी, संभाग कमिश्नर अनिल सुचारी, पुलिस महानिरीक्षक हिमानी खन्ना, कलेक्टर संदीप जी आर, पुलिस अधीक्षक विकास शाहवाल सहित संत, जनप्रतिनिधि, छात्र-छात्राएं एवं बड़ी संख्या में गीता पाठी मौजूद थे। महंत नरहरि दास ने कहा कि मध्यप्रदेश शासन के द्वारा जो आज गीता जयंती के अवसर पर 15वें अध्याय का सस्वर वाचन करने का भगीरथ प्रयास किया गया है यह अवश्य की प्रदेश को प्रगति उन्नति की ओर ले जाएगा। उन्होंने कहा कि जब विषम परिस्थितियों में धैर्य का परिचय व्यक्ति देता है तब समझ जाना चाहिए कि उसने गीता का अध्ययन किया है। धर्म को आत्मसात करना भी गीता सिखाती है।

जिला पंचायत अध्यक्ष हीरा सिंह राजपूत ने कहा कि गीता के ज्ञान से अश्वर, अभिमानी, आतंक का अंत करना ही सबसे बड़ी शिक्षा मिलती है।

उन्होंने कहा कि आज देश में अनेक शिक्षण संस्थान, अनेक डॉक्टर आतंक का काम कर रहे हैं क्योंकि उनकों गीता का ज्ञान नहीं हैं इसलिए हम सभी को स्वयं एवं दूसरों को गीता का अध्ययन करने की आवश्यकता है। रामायण, महाभारत, गीता का अध्ययन अवश्य ही करना चाहिए। आज मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के द्वारा पूरे प्रदेश में अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव के अवसर पर जो गीता के 15वें अध्याय का सस्वर वाचन कराया गया है यह अवश्य ही प्रदेशवासियों के विकास का नया रास्ता खोलेगा।

सांसद लता वानखेड़े ने कहा कि श्रीमद्भगवतगीता जीवन जीने की कला सिखाने वाला सार्वभौमिक ज्ञान है। हमें गीता का अध्ययन अवश्य करना चाहिए। कुरुक्षेत्र में श्रीकृष्ण ने अर्जुन के गीता के महत्वपूर्ण उपदेशों का ज्ञान कराकर युद्ध जीता था। उन्होंने कहा कि एक मोहन ने अर्जुन को ज्ञान देकर महाभारत का युद्ध जीता था और दूसरे मोहन मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज प्रदेश में गीता का सस्वर वाचन कराकर मध्यप्रदेश को विकसित मध्यप्रदेश बनाने के लिए भागीरथी प्रयास किया है। उन्होंने कहा कि भारत देश सनातन संस्कृति का देश है और इसी से हमारा उदय हुआ है। गीता को हमें हमारे जीवन में अवश्य उतारना चाहिए।

इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ विवेक केवी, नगर निगम कमिश्नर राजकुमार खत्री, अपर कलेक्टर अविनाश रावत, डॉ. धीरेन्द्र मिश्रा, एसएस बघेल, अरविन्द जैन, पं वासुदेव द्विवेदी, पं. मदन गोपाल शास्त्री, पं. रामचरण शास्त्री, पं. श्रीराम शास्त्री, पं. मनोज व्यास, पं. देवाशीष शास्त्री, पं. शिवप्रसाद शास्त्री, राज राजेश्वरी देवी, जवाहर लाल द्विवेदी, महंत नरहरिदास, गोवर्धन पटैरिया, टीकाराम त्रिपाठी, एम.डी. त्रिपाठी, शिवप्रसाद तिवारी, सर्वेश्वर उपाध्याय जिला संयोजक, आरएस दीक्षित, दामोदर प्रजापति, विनय दुबे, किशोर गौतम, उमाशंकर द्विवेदी, प्रो. सरोज गुप्ता प्रचार्य, डॉ. आनंद तिवारी प्राचार्य, डॉ. जीएस चौबे, डॉ. शशि सिंह वि.वि. डॉ. सुखदेव वाजपेयी, रचना तिवारी, रावतपुरा सरकार संस्कृत विद्यालय के बटुक उपस्थित रहे।



## सांसद व महापौर ने एसआईआर सर्वे जन जागरुकता हेतु वृंदावन वार्ड का भ्रमण किया

**सागर।** नगर निगम सागर द्वारा संचालित लोकतंत्र का उत्सव एसआईआर सर्वे अभियान को सफल बनाने और नागरिकों में जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से वृंदावन वार्ड में विशेष जनसंपर्क एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में सांसद लता वानखेड़े, महापौर संगीता सुशील तिवारी तथा भाजपा जिलाध्यक्ष श्याम तिवारी ने संयुक्त रूप से वार्ड का भ्रमण कर नागरिकों से संवाद स्थापित किया। भ्रमण के दौरान जनप्रतिनिधियों ने घर-घर पहुंचकर एसआईआर सर्वे के महत्व को समझाया। उन्होंने कहा कि यह सर्वे लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं को सुदृढ़ करने का महत्वपूर्ण माध्यम है तथा प्रत्येक नागरिक का सही व अद्यतन विवरण दर्ज होना अत्यंत आवश्यक है। इससे निर्वाचन प्रक्रिया मजबूत होगी।सांसद लता वानखेड़े ने नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि एसआईआर सर्वे में सहयोग करना प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि सर्वे टीम को सही जानकारी प्रदान करें ताकि भविष्य में किसी प्रकार की समस्या न उत्पन्न हो। महापौर संगीता सुशील तिवारी ने बताया कि नगर निगम द्वारा सभी वार्डों में सतत रूप से जनजागरूकता अभियान चलाया जा रहा है तथा शिविर आयोजित कर नागरिकों की समस्याओं का निराकरण किया जा रहा है तथा सर्वे के दौरान आने वाली प्रत्येक समस्या का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जा रहा है जिससे किसी भी नागरिक को किसी प्रकार की असुविधा न हो ।भाजपा जिला अध्यक्ष श्याम तिवारी ने कहा कि एसआईआर सर्वे पारदर्शिता और सुशासन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

## शिवसेना 11 दिसंबर को सनौध थाने का घेराव करेगी : मनी सिंग गुरेन

**सागर।** शिवसेना संगठन को मजबूत प्रदान करने के उद्देश्य से शीर्ष नेतृत्व के आदेश पर मनी सिंग गुरेन को शिवसेना राज्य संगठक प्रमुख का दायित्व सौंपा गया। मनी सिंग के निज निवास पर शिवसेना उप राज्य प्रमुख पप्पू तिवारी, जिला प्रमुख दीपक सिंह लोधी , युवा सेना जिला प्रमुख पंकज दूबे, शिवसेना जिला प्रभारी विकास सिंह सहित स्थानीय पदाधिकारियों की मौजूदगी में पदभार ग्रहण किया । गुरेन ने कहा कि सागर जिले में कानून व्यवस्था चौपट हो चुकी है पुलिस थानों में नशीले पदार्थों का विक्रय किया जा रहा है। हत्या मारपीट आम बात हो गई है। अपराधियों के हौसले बुलंद है कुछ दिन पूर्व गौ रक्षक आशीष दुबे को गोली मार दी जाती है लेकिन हमलावरो तक पुलिस अभी तक नहीं पहुँच पाई। लोग डर के साये मे जी रहे हैं। शिवसेना संगठन दुबारा आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर पुलिस अधीक्षक कार्यालय पर प्रदर्शन किया गया था। 15 दिन का शिवसेना ने अल्टीमेटम दिया था लेकिन पुलिस के हाथ आज भी ख़ाली है। जिसके ख़िलाफ़ शिवसेना 11 दिसम्बर को सनौध थाने का घेराव करेगी। शिवसेना उप राज्य प्रमुख पप्पू तिवारी ने कहा सागर में लव जिहाद और लैंड ज़िहाद में निरन्तर बढ़ोतरी हो रही है शीघ्र ही शिवसेना कम हिंदू आबादी वाले क्षेत्रों में हिंदू जन जागरण अभियान की शुरुआत करेगी और जिहादी तत्वों को मुंह तोड़ जवाब देगी। राहुल विट्ठल, मयक रजक, हरि पटेल, अजय बुंदेला, रवि राज, संजय चौधरी, सचिन जैन, आशुतोष तिवारी, सतीश अवस्थी, नमन बैध उपस्थित थे। शिवसेना उप राज्य प्रमुख पप्पू तिवारी ने कहा सागर में लव जिहाद और लैंड ज़िहाद में निरन्तर बढ़ोतरी हो रही है।

## नेशनल लोक अदालत के संबंध बैठक संपन्न

**रहली।** मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर एवं महेश कुमार शर्मा प्रधान जिला न्यायाधीश/ अध्यक्ष महोदय, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सागर के निर्देशानुसार, जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष तहसील विधिक सेवा समिति रहली, दिनेश देवड़ा की अध्यक्षता में सोमवार को सिविल न्यायालय में नेशनल लोक अदालत के संबंध में विभिन्न विषयों पर चर्चा एवं रूपरेखा तैयार किये जाने हेतु बैठक का आयोजन किया गया। उक्त बैठक में जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष तहसील विधिक सेवा समिति दिनेश देवड़ा द्वारा नेशनल लोक अदालत के संबंध में बैंकों एवं विभागों द्वारा वर्तमान तक की गई कार्यवाही की समीक्षा की गई। साथ ही उन्हें निर्देशित किया गया कि शीघ्र ही प्री-लिटिगेशन प्रकरण तैयार कर सूची सहित कार्यालय को उपलब्ध करावे। इसके अतिरिक्त नेशनल लोक अदालत के व्यापक प्रचार-प्रसार हेतु विद्युत विभाग,नगर पालिका एवं भारतीय स्टेट बैंक को प्रचार-प्रसार वाहन रवाना करने हेतु निर्देशित किया गया। उक्त बैठक में द्वितीय जिला न्यायाधीश उमेश कुमार पटेल, व्यवहार न्यायाधीश, वरिष्ठ खण्ड नितिन वर्मा,कुलदीप पाराशर सहित विद्युत विभाग, नगर पालिका, बीएसएनएल एवं बैंकों के अधिकारीउपस्थित रहे।

## गीता जयंती महोत्सव की धूम: शासकीय पीएम श्री हाईस्कूल पण्ढरपुर में हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रहली



शासकीय पीएम श्री हाईस्कूल, पंडलपुर में गीता जयंती महोत्सव कार्यक्रम 2025 अत्यंत हर्षोल्लास और भक्तिमय वातावरण में संपन्न हुआ। इस अवसर पर स्कूल के विद्यार्थियों ने शानदार प्रस्तुतियों से सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण गीता सारांश का वाचन रहा, जिसमें श्लोकों को उनके हिंदी भावार्थ सहित बच्चों को सुनाया गया। इसका उद्देश्य विद्यार्थियों को जीवन प्रबंधन और नैतिकता के महत्वपूर्ण सिद्धांतों से अवगत कराना था। सांस्कृतिक प्रस्तुतियां: बच्चों ने भगवान श्रीकृष्ण के जीवन लीलाओं पर आधारित रोचक नृत्य, मोहक प्रार्थना, भजन, और गायन की मनमोहक प्रस्तुतियां दीं। इन प्रस्तुतियों ने कार्यक्रम में भक्ति और उल्लास का संचार किया।

मटकी फोड़ प्रतियोगिता: बच्चों के आनंद और उत्साहवर्धन के लिए मटकी फोड़ प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने जोश और उमंग के साथ भाग लिया। कार्यक्रम के सभी सहभागी छात्र/छात्राओं को पुरस्कार प्रदान कर उनका उत्साह बढ़ाया गया। मटकी फोड़ प्रतियोगिता में मटकी फोड़ने वाली विजेता छात्रा को विशेष पुरस्कार के साथ 101 रूपये की नकद राशि भी प्रदान की गई।

प्रभारी प्राचार्य मनीष तिवारी ने बताया कि कार्यक्रम को सफल बनाने में समस्त शिक्षक स्टाफ का अमूल्य सहयोग प्राप्त हुआ। इस सफल आयोजन ने स्कूल परिसर में सांस्कृतिक और आध्यात्मिक चेतना का संचार किया।

स्कूलों को बचाने हर गांव-शहर में संघर्ष कमेटियों का निर्माण करें

# स्कूल बचाओ संघर्ष समिति मध्य प्रदेश द्वारा 1 लाख हस्ताक्षरों के साथ सौंपा गया ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर




मध्य प्रदेश के 94,000 सरकारी स्कूलों को बंद करने की राज्य सरकार की नीति के खिलाफ मध्य प्रदेश में चलाए गए हस्ताक्षर अभियान के क्रम में 1 लाख से ज्यादा हस्ताक्षरों पर जनमत संग्रह कर प्रदेश के 35 जिलों से हजारों छात्र अभिभावकों ने भोपाल के नीलम पार्क में विरोध प्रदर्शन कर सार्वजनिक शिक्षा को बचाने के आंदोलन का आगाज़ किया। महात्मा ज्योतिबा फुले जिन्होंने हमारे देश में सभी को शिक्षा दिलाने की लड़ाई लड़ी और सैकड़ों स्कूल खोले, उनके संघर्ष को याद करते हुए इस प्रदर्शन में राज्य के लाखों छात्रों के भविष्य को बचाने का संकल्प लिया गया।

मुख्य वक्ता मुदित भटनागर ने कहा कि आंदोलन की तैयारी में मध्य प्रदेश के हर जिले में छात्रों ने अपनी पहल पर शहर से लेकर दूर दराज के गांवों तक जाकर, स्कूलों को बंद करने के खिलाफ हस्ताक्षर इकट्ठे किए। छतरपुर, टीकमगढ़, गुना, राजगढ़, सीहोर, भोपाल, विदिशा, दतिया, अशोकनगर, भिंड सहित 35 जिलों में एक-एक जिले में स्कूल, कॉलेज, कोचिंग, हॉस्टल सभी जगह छात्रों, अभिभावकों, और शिक्षकों का भरपूर समर्थन इस आंदोलन को मिला। कई जिलों में लोगों ने स्कूल बचाओ रैलियां आयोजित की जिनमें सैकड़ों छात्र-अभिभावक अपने बच्चों के भविष्य की चिंता कर कई किलोमीटर दूर रैलियों में शामिल हुए। आंदोलन की तैयारी में सैकड़ों स्कूल जर्जर हालत में मिले, कई गांवों के स्कूल बंद मिले , जहां पढ़ने वाले छात्रों का भविष्य अब अंधकार में हैं। प्रदेश में 2015-16 में जहां 1 लाख 21 हजार से ज्यादा सरकारी स्कूल थे, वहीं पिछले कुछ सालों में 29,000 से ज्यादा स्कूल बंद हुए हैं, जो कि देश में सबसे ज्यादा हैं। इसके चलते प्रदेश में विगत 10 सालों में लगभग 50 लाख छात्र ड्रॉप आउट हो चुके हैं। उन्होंने सरकारी स्कूलों को बचाने, शिक्षकों की स्थाई भर्ती, जर्जर भवनों के जीर्णोद्धार सहित छात्रों की सुरक्षा की मांग उठाई।

उत्तरप्रदेश से आए स्कूल बचाओ संघर्ष समिति के प्रभारी दिलीप सरवार ने अपने अनुभवों को साझा करते हुए बताया कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत देश के विभिन्न राज्यों सहित उत्तर प्रदेश में हजारों स्कूलों को बंद करने की साजिश लाई गई है। इसके खिलाफ उत्तर प्रदेश के छात्रों व आम जनता ने जोरदार आंदोलन चलाया और उत्तर प्रदेश के 5,000 से ज्यादा सरकारी स्कूलों को बंद होने से बचाया। विशिष्ट अतिथि के रूप में विख्यात साहित्यकार व शिक्षाविद सुरेंद्र रघुवंशी ने आंदोलन के समर्थन में अपनी उपस्थिति दर्ज की व स्कूल बचाओ-भविष्य बचाओ आंदोलन को आगे बढ़ाने की अपील की। उन्होंने प्रदेश भर में शिक्षकों की कमी, शिक्षकों पर बढ़ते गैर शैक्षणिक कार्यों के बोझ के खिलाफ अपना रोष व्यक्त किया।

हरिभूमि

जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा

## सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम

**रायपुर संस्करण -** 297. खुशी नायक पिता\पति संदीप नायक पता - रावन भाटा रायपुर, 298. भारत लाल चतुर्वेदी पिता\पति स्व. ताराचंद चतुर्वेदी पता- रावतपुरा कॉलोनी फेज 01 मठपुरेना रायपुर, 299. भावना वर्मा पिता\पति खोमन वर्मा पता- जागृति नगर बीरगांव, 300. प्रियंका ठाकरे पिता\पति सचिन ठाकरे पता- संजय नगर रायपुर, 301. श्रीकांत वैष्णव पिता\पति संतोष कुमार वैष्णव पता- डिरापारा रायपुर, 302. इन्द्राणी रमेश शर्मा पिता\पति ब्यास नारायण मिश्रा पता - ब्राम्हण पारा रायपुर, 303. भाविका साहू पिता\पति गौतम साहू पता - वेदाता सिटी कांदुल रोड, 304. लक्ष्मीकान्त यादव पिता\पति जे.एल. यादव पता - मठपारा रायपुर, 305. संतोषी यादव पिता\पति सतीश यादव पता- पुरानी बस्ती रायपुर, 306. प्रेमचंद साहू पिता\पति टेटकू राम साहू पता – पिपरौद, 307. खुमेश साहु पिता\पति प्रेम लाल साहु पता- तर्रा पोस्ट -सुरसाबाँधा, 308. चुन्नी निर्मलकर पिता\पति पुनीतराम निर्मलकर पता-सेमरा भखारा, 309. तोवा राम साहू पिता\पति स्व. पंचराम साहू पता- नगरी, 310.कुनाल साहू पिता\पति डोमेन्द्र साहू पता- सांकरा , नगरी, 311. अमन कन्नौजे पिता\पति एस.आर. कन्नौजे पता- वार्ड न. 43 बसंतपुर राजनादगांव, 312. रेणुका श्रीवास्तव पिता\पति एस .एल श्रीवास्तव पता- रेवाडीह वार्ड न. 21, 313. प्रज्वल पाटिल पिता\पति जसवंत पाटिल पता- वार्ड न.-16, बैलापसरा राजनादगांव, 314. यशवंत कुमार सप्रे पिता\पति ईतवारी राम सप्रे पता- बेमेतरा, 315. टीकाराम सेन पिता\पति सुकदेव राम सेन पता- बरदेभाठा चौक कांकेर, 316. दुलेश्वरी पिता\पति मुकेश कुमार पता- डौंडी नगर भंडारी पारा वार्ड न. 08, 317. सुमन ठाकुर पिता\पति शैलेन्द्र ठाकुर पता- जगदलपुर, 318. खोमराज पटेल पिता\पति भवर लाल पटेल पता- नर्रा, 319. महेश आमदे पिता\पति भुलऊराम आमदे पता- कवर्धा, 320. तेजनाथ साहू पिता\पति राधेश्याम साहू पता- कमल कॉलोनी बलौदाबाजार, 321. सुयश आचार्य पिता\पति प्रशांत आचार्य पता- अस्पताल वार्ड कोंडागांव, 322. पंकज कुमार साहू पिता\पति छत्रपाल साहू पता-पोटियाकला दुर्ग, 323. बलदाऊ लाल साहू पिता\पति स्व. राम्लू लाल साहू पता- आदर्श स्ट्रीट रामनगर भिलाई, 324. डिम्पल चौधरी पिता\पति नन्द जंघेल पता-दुर्गा पारा मुकम खदान सुपेला, 325. जानवी टंडन पिता\पति M.L.टंडन पता-वेदांत नगर फेज-2 उमरपोटी, 326. अथर्व विकास बेहेरे पिता\पति विकास विनायक बेहेरे पता-सुभाष नगर, 327. ईशा राजपूत पिता\पति अशोक राजपूत पता-सुभाष नगर वार्ड 42 दुर्ग, 328. पंकज कुमार पटेल पिता\पति स्व. नन्द कुमार पटेल पता-पटेल पारा वार्ड क्र.57 उरला दुर्ग, 329. स्वीकृति चौहान पिता\पति बिरेन्द्र चौहान पता- साहू पारा रामनगर भिलाई, 330. गजरा सोनी पिता\पति ननकू प्रसाद सोनी पता-दुर्ग, 331. रितिका साहू पिता\पति ताम्रध्वज साहू पता- कोहिका भिलाई, **बिलासपुर संस्करण-** 332. अफरोज बानो, पिता/पति- मुनव्वर खान पता- आदर्श चौक मंगला, बिलासपुर 333. राजकुमारी साहू पिता/पति- बाबू लाल साहू पता- बहतराई, बिलासपुर, 334. सुलोचना कुर्रे पिता/पति- राजाराम कुर्रे पता- बंधवा पारा सरकंडा, बिलासपुर, 335. कुसय हुसैन पिता/पति-मुश्ताक हुसैन पता- खपरगंज बिलासपुर, 336. आरती शर्मा पिता/पति- स्व.एम.एल.शर्मा पता- गुरूनानक चौक, बिलासपुर, 337. मनोज नाथानी पिता/पति- माधसव दास नाथानी पता- रामा वैली आर-8-11, बिलासपुर, 338. साक्षी साहू पिता/पति-चंद्रशेखर साहू पता- तोरवा बिलासपुर, 339. प्रियंका शर्मा पिता/पति- श्री पवन शर्मा पता- ईदगाह रोड, बिलासपुर, 340. राकेश सिंह राजपूत पिता/पति- विजय सिंह राजपूत, पता- सांई नगर, उस्लापुर बिलासपुर 341. मालती साहू पिता/पति-देवलाल साहू पता- बाजार चौक, यदुनंदन नगर, तिफरा बिलासपुर, 342. सतीश कुमार साहू पिता/पति- बुधराम साहू पता- तिफरा बिलासपुर, 343. अर्थव यादव पिता/पति-सुदर्शन यादव पता- कस्तूरबा नगर, बिलासपुर, 344. माही यादव पिता /पति - सूरज यादव, पता- पड़ावपारा कोटा, 345. सुशील कुमार पिता /पति - धनना लाल पता - जरौधा जिला बिलासपुर, 346.सुमन सूर्यवंशी पिता /पति - धनना लाल पता - जरौधा जिला बिलासपुर, 347. जानवी कौशिक पिता /पति - सनत कौशिक, पता - खमरिया काठाकोनी, 348. साधना भगत पिता /पति - गोपाल राम भगत , पता – रतनपुर, 349. नरेश गोयल पिता /पति - नैवत राम गोयल, पता -पेण्ड्रा रोड , 350. किरण पांडे पिता /पति - रवि शंकर पांडे पता - पुरानी बस्ती मस्तूरी, 351. हर्षिता कौशिक पिता /पति - उमाशंकर कौशिक पता - सिचाई कालोनी सकरी, 352. दीपक कुमार यादव पिता /पति - जीवन लाल यादव पता - कर्रा सीपत, 353. प्रियंका सूर्यवशी , पिता /पति - नारायण प्रसाद सूर्यवंशी, पता - भरारी जांजगीर जिला, 354 दिनेश कुमार यादव, पिता /पति - नर्मदा प्रसाद यादव, पता- शकुल पारा खरौद **भोपाल संस्करण-** 355. शिवन्या जाटव पिता\पति - स्व मोनू जाटवमकान न. 2597 राजीव नगरकोटरा, 356. हर्षिता तोमर पिता\पति - देवेन्द्र सिंह तोमर `नेहरू नगर भोपाल, 357. साबरा बी पिता\पति - मो. जोएब 126 इंद्रा नगर टीला जमालपुरा, 358. जाकिया आमिर पिता\पति - मो. आमिरबाग मुफ्ती साहबकबीटपुरा, 359. पवन यादव पिता\पति - मांगीलाल ग्राम नून्या हेड़ीराजगढ़, 360. मधु दांगी पिता\पति - सोमराज दांगीशर्मा कॉलोनी प्रताप वार्डबीना, 361. पूनम दांगी पिता\पति - नीरज सिंह दांगीसागौनीगुरू सागर, 362. फैजान खान पिता\पति - आतिफ खान सीहोर नाका सीहोर, **जबलपुर संस्करण-** 363. निधि अग्रवाल पिता\पति- रतन अग्रवाल लाल कुआं हनुमानतल जबलपुर, 364. भारती मिश्रा पिता\पति – स्व. राजकुमार दुबे रिछाई जबलपुर, 365. रजनी सुदीशा पिता\पति- उत्तम कुमार सुदिशा बिरसिंहपुर पाली उमरिया, 366. शरद विश्वकर्मा पिता\पति - हरलाल विश्वकर्मा छपारा सिवनी, 367. मनीष विश्वकर्मा पिता\पति - इंद्रजीत विश्वकर्मा प्रेम नगर इसाई मोहल्ला मदन महल, 368. नरेश नाईक पिता\पति - स्वर्गीय पंढरीनाथ नाईक शिवनगर गढ़ा जबलपुर, 369. राजेंद्र अहिरवार पिता\पति - नारायण प्रसाद अहिरवार मकान नंबर 113 छिंवला ग्वारीघाट जबलपुर, 370. श्रुति शुक्ला पिता\पति - सुधीर कुमार शुक्ला मकान नंबर 361 दुर्गा कॉलोनी शीतला माई वार्ड घमापुर जबलपुर।

नियम एवं शर्तें लागू* शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि

## खबर संक्षेप

### उपकरण के लिए 165 दिव्यांग बच्चे चिन्हित

**ललितपुर**। एलिम्को कानपुर एवं राज्य परियोजना लखनऊ के सहयोग, बीएसए के निर्देशन में परिषदीय विद्यालयों में अध्ययनरत विशिष्ट आवश्यकता वाले शारीरिक, मानसिक दृष्टि एवं श्रवण बाधित दिव्यांग बच्चों हेतु सहायक उपकरण के लिए आदर्श विद्यालय में शनिवार को एक मापन शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 165 बच्चों को चिन्हित किया गया। इन बच्चों को 28 दिसंबर को उपकरण वितरण हेतु शिविर आयोजित किया जायेगा जिसमें चिन्हित बच्चों को उपकरण वितरित किए जायेंगे। बीएसए ने कहा कि दिव्यांग बच्चों के शैक्षिक पुनर्वास के लिए सहायक उपकरण की सबसे बड़ी जरूर होती है। सुजीत मौर्य ने कहा कि मापन शिविर का मुख्य उद्देश्य यही है कि जनपद के अधिक से अधिक दिव्यांग बच्चे लाभान्वित हो सकें। मापन शिविर में डा.पिंटू, प्रेरणा, डा.राजीव, डा.अरविंद कुमार, प्रिंस सिंह, शिवकुमार मौर्य, पुनीत कुमार, प्रतीक कुमार, सुधा सिंह, पुष्पेंद्र कुमार, ज्ञानेश तिवारी, शशिकला, हरिओम, रवि भास्कर मौजूद रहे।

### डिवाइडर से टकराई बाइक, तीन घायल

**ललितपुर** । बीती रात तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर हाईवे पर डिवाइडर से जा टकराई, जिससे बाइक चालक सहित तीन लोग घायल हो गए दो की हालत गम्भीर होने पर झांसी मेडिकल कालेज रिफर किया गया है। बाइक सवार तीनों शादी समारोह से गांव लौट रहे थे तभी रास्ते मे हादसा हो गया। थाना नाराहट अंतर्गत कस्बा में रहने वाले 20 वर्षीय लखन शनिवार की शाम गांव के बलराम पुत्र प्रकाश (20) व लक्ष्मण पुत्र मूलचन्द्र (20) के साथ शादी समारोह में ललितपुर आए हुए थे, जब वह तीनों रात दो बजे वापिस ललितपुर गांव नाराहट जा रहे थे, जब वह लोग हाईवे 44 पर स्थित ग्राम बिरधा के निकट पहुंचे ही थे कि तभी बाइक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से जा टकराई। जिससे बाइक चालक सहित तीनों घायल हो गए।

### बोलेरो की मांग कर मारपीट करने का आरोप

**ललितपुर**। दहेज में बोलेरो कार की मांग करते हुये ससुरालियों ने महिला को शादी के बाद से ही प्रताड़ित करना शुरू कर दिया। आरोप है कि ससुरालियों ने जान से मारकर फेंक देंने और सबूत के तौर पर सिलेण्डर फटने से मौत होने का दावा करते हुये पूरे मामले को हादसा दिखाने की धमकी दी। महिला ने कोतवाली पुलिस को लिखित शिकायती पत्र दिया है। अब पुलिस ने ससुरालियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी। थाना महरौनी अंतर्गत ग्राम सिंगेपुर में रहने वाली रानी पुत्री दयाराम अहिरवार ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि उसकी शादी 18 अप्रैल 2025 को शहर के मोहल्ला नेहरूनगर निवासी सुमित पुत्र दिनेश अहिरवार के साथ सम्पन्न हुआ था। शादी में उसके पिता ने साढ़े तीन लाख रुपये कीमत की बुलेट मोटर साइकिल, दो लाख रुपये नकद, एक सोने की अंगूठी, चार लाख रुपये के दहेज में सोफा, वॉशिंग मशीन, कलर टी.वी., फ्रिज, इलैक्ट्रॉनिक सामान इत्यादि दिया था। बावजूद इसके ससुरालियों में ससुर दिनेश अहिरवार, सास द्रोपती, पति सुमित, नन्द माधुरी, देवर विक्की, बड़े मामा मुकेश, मौसी मोना आदि ने एकराय होकर उसके साथ मारपीट की। पुलिस ने विवेचना शुरू कर दी।

### उधारी मांगने पर परिवार के साथ की मारपीट

**ललितपुर**। थाना मदनपुर के ग्राम नयाखेड़ा निवासी अजय सिंह पुत्र हरदास ने थानाध्यक्ष को शिकायती पत्र दिया है। बताया कि बीती 26 नवम्बर को सुबह करीब 9 बजे वह गांव के नन्दराम पुत्र मुन्नी उसकी दुकान पर गुटखा लेने के लिए आया, तो उसके पुत्र प्रेमसिंह ने पहले के उधारी का पैसा मांग लिया। आरोप है कि इस बात से क्षुब्ध होकर नन्दराम गालियां देते हुये चला गया। कुछ समय पश्चात नन्दराम अपनी पत्नी पूजा, मुन्नी पुत्र महाराज सिंह, सियारानी पत्नी मुन्नी, सुशीला के साथ एकराय होकर आया और उसकी पुत्रवधू कमलेश व मथुरा पत्नी फूलसिंह से मारपीट कर दी।

# गीता का संदेश है फल की इच्छा किए बिना कर्म करो, दूसरा रास्ता नहीं: शर्मा

**ललितपुर**। गीता जयंती के अवसर पर आयोजित एक परिचर्चा को संबोधित करते हुए नेहरू महाविद्यालय के सेवानिवृत्त प्राचार्य प्रो. भगवत नारायण शर्मा ने कहा कि सारे संसार में प्रेम से पढ़ा जाने वाला ग्रंथ गीता " हजारों वर्षों से ज्ञान और कर्म का आलोक बिखेर रहा है। जीवन के बेसुरेपन को दूर करके गीताज्ञान, क्या है ? और क्या होना चाहिए ? के मध्य व्यवहारिकता का पुल बिछाता है। गीता कृष्ण-अर्जुन संवाद में जो कुछ है , वह दूसरी जगह भी मिल सकता है पर जो इसमें नहीं है वह कहीं भी नहीं मिल सकता। गीता हमसे कहती है - हम संसार में रहें , संसार छोड़ भागें नहीं। योगेश्वर कृष्ण अर्जुन के रथ के सारथी हैं। उसके ज्ञान प्रदाता भी हैं, और शाम के समय युद्ध बंद होने पर घोड़ों को पानी पिलाते हैं। अपने पीतांबर में दाना - रतेवा बांधकर घोड़ों को खिलाते हैं। राजसूय यज्ञ में भंडारे की जूठी पत्तलों को उठाकर स्वच्छता का जिम्मा स्वयं लेते हैं। अंग्रेज प्रशासक वारेन हेस्टिंग्स ने विश्व के प्रथम गीता के अनुवाद की अंग्रेजी अनुवाद की भूमिका में लिखा है कि जब भारत में



ब्रिटिश साम्राज्य लुप्त हो जाएगा तब इसके धन और समृद्धि के स्रोतों की याद भी बाकी न रहेगी, तब गीता के सार्वभौम सिद्धांत विश्व के लाखों लोगों को प्रेरणा देते रहेंगें।महाभारत के जो 700 श्लोक गीता के कृष्णा अर्जुन संवाद के रूप में माने जाते हैं , वे कुरुक्षेत्र की युद्ध भूमि में दिए गए हैं। अतः गीता जीवन में सतत चलने वाले संघर्ष की प्रेरणा देता है कि मनुष्योचित जीवन की स्थापना के लिए हम अर्जुन की तरह मानव द्रोही नर पिशाचों पर सरसराते तीर चलाते हुए विजय प्राप्त करें। स्वयं को निमित्त और ईश्वर को साक्षी-दृष्टा मानकर , फल की इच्छा किये बिना कर्म करो! कर्म करो। इसके अलावा दूसरा रास्ता नहीं। स्वामी विवेकानन्द का कहना है कि गीता सबसे पहले विद्यार्थियों को खेल के मैदान में पढ़ाई जानी चाहिए , जहां पर हार होने पर ना तो हताश निराश हों , और ना जीतने पर अहंकार में आ जाएं। हार और जीत को समान भाव से मानकर अग्रसर हो।

## शत-प्रतिशत उपलब्धि हासिल करने हेतु एडीएम ने बढ़ाया उत्साह

# अंतिम तिथि नजदीक, घर-घर पहुंचकर कार्मिक एसआईआर फार्म भरें: एडीएम

नपा सभागार कार्यशाला में कार्मिकों को 2003 व 2025 की मतदाता सूची कराई उपलब्ध



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

जनपद में विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (एसआईआर)-2026 अभियान की अंतिम तिथि को देखते हुए एडीएम अंकुर श्रीवास्तव व एडीएम नमामि गंगे राजेश कुमार श्रीवास्तव ने नगर पालिका परिषद सभागार में एसआईआर कार्मिकों की कार्यशाला का आयोजन किया। कार्यशाला के दौरान अभियान में लगे सभी कार्मिकों को एसआईआर के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए वर्ष 2003 एवं 2025 की कंपाइल की मतदाता सूची का वितरण किया गया व पीडीएम भी उपलब्ध कराई गई, ताकि मिलान में कोई समस्या न आए।

उन्हें बताया गया कि अभियान की अंतिम तिथि 4 दिसंबर है, इसलिए आज और अभी से क्षेत्र में निकलकर घर घर दस्तक दें और लोगों से फार्म भरवाएं ताकि सभी की भागीदारी से ये अभियान शत प्रतिशत सफल हो सके। कार्यशाला के दौरान कुछ बीएलओ की प्रगति उत्कृष्ट रही, जिस पर ताली बजाकर उनका उत्साहवर्धन किया गया और अन्य कार्मिकों की सहायता करने को कहा गया। इसके साथ ही मतदाताओं से अपील की गई कि वे किसी भी प्रकार की भ्रांति पर विश्वास न करें, किसी भी वैद्य मतदाता का नाम नहीं कटेगा।

### निर्वाचन आयोग की वेबसाइट पर ऑनलाइन फॉर्म भरा जा सकता है

बीएलओ द्वारा उपलब्ध कराय गए गणना फार्म के साथ-साथ भारत निर्वाचन आयोग की वेबसाइट पर ऑनलाइन फॉर्म भरा जा सकता है, साथ ही वेबसाइट पर निर्वाचक पिछले विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण निर्वाचक नामावली मे अपना और संबंधित रिश्तेदारों का नाम देख सकते हैं और गणना प्रपत्र से विवरण उपलब्ध करा सकते हैं और सहायता के लिए, निर्वाचक संबंधित बूथ लेवल अधिकारी से संपर्क कर सकते हैं। यह भी बताया गया कि एसआईआर के प्रथम चरण की अंतिम तिथि 4 दिसम्बर है, बीएलओ के द्वारा सभी के घरों में गणना फार्म पहुंचाये जा रहे हैं, सभी लोग जल्द से जल्द अपना अपना फार्म भरकर बीएलओ के पास जमा करा दें, यदि फार्म भरने में कोई कठिनाई आ रही है तो इसके लिए पंचायत स्तर के कर्मचारी जैसे पंचायत सचिव, रोजगार सेवक, लेखपाल, बीएलओ आदि की सहायता ले सकते हैं, ये कर्मचारी आपका फार्म स्वयं भरकर आपसे वैरिफाई कराने के उपरान्त हस्ताक्षर करायेंगें और जमा कर लेंगे। अंतिम तिथि बीत जाने के बाद निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी उन निर्वाचकों को नोटिस जारी करेगा जिनका गणना-प्रपत्र में दिया गया विगत विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण निर्वाचक नामावली का विवरण या तो उपलब्ध नहीं है या डेटाबेस से मेल नहीं खाता है।

### सपा नेताओं ने मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य का लिया जायजा

**ललितपुर**। मोहल्ला गांधीनगर स्थित प्रशांति विधा मंदिर में मंगलवार को समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष नेपाल सिंह एवं बीएलए राममूर्ति तिवारी ने पहुंचकर चल रहे मतदान पुनरीक्षण कार्य का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान दोनों नेताओं ने बूथ स्तर पर मतदाता सूची में नाम जोड़ने-कटने, सुधार एवं सत्यापन कार्य की प्रगति का विस्तृत आकलन किया। उन्होंने बीएलओ से लंबित प्रपत्रों, घर-घर सत्यापन, नयी उम्रदराज़ मतदाता प्रविष्टियों और दिव्यांग/वरिष्ठ नागरिकों के विशेष ध्यान पर जानकारी प्राप्त की। सपा जिलाध्यक्ष नेपाल सिंह ने कहा कि प्रत्येक पात्र व्यक्ति का नाम मतदाता सूची में शामिल होना लोकतंत्र की मजबूती के लिए अनिवार्य है। वहीं बीएलए राममूर्ति तिवारी ने मतदाता सूची में त्रुटियों को समय से ठीक करने और प्रत्येक आवेदक को सही जानकारी देने पर जोर दिया। इस दौरान अनेक मोहल्लेवासी मौजूद रहे।



## सेन समाज का छात्र सम्मान समारोह

# विकास का आधार-शिक्षा हमारा अधिकार: हरीराम

शिक्षा से ही वर्तमान और भविष्य की प्रगति : घनश्यामदास सेन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

जननायक कर्पूरी ठाकुर सेवा समिति उ.प्र. की एक आवश्यक बैठक प्रदेश अध्यक्ष घनश्यामदास सेन पत्रकार के मुख्य आतिथ्य व प्रदेश महासचिव हरीराम ओमरे की अध्यक्षता में सम्पन्न हुयी। बैठक में सेन समाज के द्वितीय मेधावी छात्र-छात्रा सम्मान समारोह आगामी 21 दिसम्बर को आयोजित किये जाने की रूपरेखा तैयार की गयी।

बैठक में हाई-स्कूल, इण्टर मीडिएट व स्नातक के विद्यार्थी जिन्होंने वर्ष 2024-25 में 75 प्रतिशत अंक प्राप्त किये हैं, ऐसे विद्यार्थी सम्मिलित हो सकते हैं। मेधावी विद्यार्थियों के लिए फार्म भरकर अंकपत्र की छायाप्रति व दो फोटो संलग्न करना होगा। मुख्य अतिथि प्रदेश अध्यक्ष घनश्यामदास सेन पत्रकार ने कहा कि शिक्षा से ही वर्तमान और भविष्य की प्रगति है। शिक्षा से ही मेधावियों के भविष्य की नई राह तय होगी, जिससे वह वर्तमान और भविष्य की प्रगति तय है और उनका भविष्य विकास की गतिशीलता को प्राप्त कर जीवन की नई प्रेरणा बनते हैं। अध्यक्षता करते हुये प्रदेश महासचिव हरीराम ओमरे ने कहा कि विकास का आधार, शिक्षा हमारा अधिकार का मायने में सही होता है, जिससे विकास की ओर अग्रसर होकर नया कीर्तिमान बनाते हैं। जिस पर हम आप और सभी को गौरवान्वित होने का सौभाग्य प्राप्त होता है। बैठक में हेतराम सविता, राकेश कुमार सेन, कन्हैयालाल आर्य, देवेन्द्र कुमार सेन, जगदीश सेन, बद्री सेन आदि ने भी संबोधित किया। इस दौरान हेतराम सविता, रामजी, जगदीश शरण याज्ञिक, हरीराम ओमरे, कन्हैयालाल आर्य , कन्हैयालाल सेन, राकेश कुमार सेन, बद्रीप्रसाद, मुकेश कुमार सेन, श्रीराम सेन, रघुवीर सेन, प्रभूदयाल सेन, दयाराम सेन, हरीगोविन्द सेन, गिरीश सविता, रामबाबू याज्ञिक, मनीष याज्ञिक, सीताराम सेन, दर्शन बड़ौनिया, जगभान सेन, अरविन्द कुमार सेन, विनोद कुमार नापित, अशोक कुमार सेन, भूपेन्द्र सिंह शिक्षक, लक्ष्मी नारायण सेन, काशीराम सेन, पुष्पेन्द्र कुमार सेन, कैलाश नारायण सेन, पूरनलाल सेन, मुन्नालाल सेन, अनूप कुमार सेन, रविशंकर सेन, सूर्यप्रकाश सेन, बृजेश सेन, लोकेन्द्र कुमार सेन, हरप्रसाद सेन, सुखलाल सेन, महेन्द्र स्वरूप सविता, आशाराम सेन, स्नेह सेन, आकाश सेन, राजकुमार सेन, प्रकाश नारायण सेन आदि मौजूद रहे। संचालन हेतराम सविता रामायणी ने व आभार देवेन्द्र कुमार सेन ने व्यक्त किया।

### पुत्री को फुसला कर भगा ले जाने का आरोप

**ललितपुर**। बालाबेहट थानान्तर्गत रहने वाले एक व्यक्ति ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि बीती 26 नवम्बर को सुबह 7 बजे वह घर पर नहीं था। उसी समय उसकी 17 वर्षीय पुत्री को मध्य प्रदेश के जिला सागर अंतर्गत थाना खुरई के ग्राम छपरा निवासी प्रशान्त पुत्र बालकिशन सहरिया उसकी नाबालिग पुत्री को बहला-फुसलाकर भगा ले गया है। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर प्रशान्त के खिलाफ बीएनएस की धारा 137 (2) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

## कांग्रेस की कोर कमेटी की बैठक में की गई चर्चा

# छोटे राज्यों की सदैव पक्षधर रही, बुंदेलखंड का कांग्रेस ने किया समर्थन : अजय

**ललितपुर**। कांग्रेस कमेटी की कोर कमेटी की अहम बैठक कांग्रेस कार्यालय पर जिलाध्यक्ष डा.दयाराम रजक की अध्यक्षता में सम्पन्न हुईं।

जिलाध्यक्ष ने बताया कि प्रदेशाध्यक्ष अजय राय एक वार्ता में कहा गया कि बुन्देलखण्ड राज्य निर्माण का संघर्ष बहुत लंबे समय से किया जा रहा हैं। वर्ष दो हजार आठ में बुंदेलखंड में पड़ रहे भीषण सूखे के समय में राहुल गांधी ने दलितों की झोपडिय़ों में उनके साथ रात गुजार कर पिछड़े बुंदेलखंड की बदहाली को पूरे देश के सामने रख कर सभी का ध्यान बुंदेलखंड की गरीबी की ओर आकर्षित किया। वर्ष दो हजार नौ ने कांग्रेस की केन्द्र सरकार से सात हजार चार सौ करोड़ का बुंदेलखंड सूखा राहत पैकेज दिलवाया। उसी समय कांग्रेस के विधायक प्रदीप जैन, विनोद चतुर्वेदी और विवेक सिंह ने उत्तर प्रदेश विधानसभा में पृथक बुंदेलखंड राज्य के लिए प्राइवेट मेंबर बिल रखा। वर्ष दो हजार आठ और दो हजार ग्यारह ने उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रांतीय अधिवेशन में सोनिया गांधी व राहुल गांधी के समक्ष छोटे राज्य का समर्थन का प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किया गया। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने राज्य निर्माण का समर्थन करते हुए पत्र के माध्यम से कहा कि बुंदेलखंड के आम जनमानस के हितों को ध्यान में रखते हुए पृथक बुंदेलखंड राज्य के लिए बुंदेलखंड निर्माण मोर्चा जो गैर राजनैतिक संस्था है के द्वारा किए जा रहे प्रयासों एवं संघर्षों में प्रदेश कांग्रेस कमेटी साथ खड़ी है। बुंदेलखंड क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली सभी जिला व शहर इकाइयां मोर्चा के संघर्ष में शामिल रहेगी। बुंदेलखंड राज्य का समर्थन करने पर जिला व शहर कांग्रेस कमेटी ने प्रदेश अध्यक्ष का आभार जताया।

संचालन जिला महासचिव शशिकांत दीक्षित ने किया। पूर्व प्रदेश सचिव जसपाल सिंह, नगर अध्यक्ष राम नरेश दुबे, जिला उपाध्यक्ष पंकज हुण्डैत, नेहा तिवारी, मोहनसिंह चंदेल, संजीव चौरसिया, खलकसिंह राजपूत, डा.रामसिंह यादव आदि मौजूद रहे।

## सरकारी कार्यालयों में भ्रष्टाचार का बोलबाला

# नए जिलाधिकारी से भ्रष्टाचार पर लगाम की उम्मीद: कपूर

**ललितपुर** । जनपद के सरकारी कार्यालयों में व्याप्त भ्रष्टाचार को लेकर बुन्देलखण्ड विकास सेना प्रमुख हरीश कपूर के नेतृत्व में स्थानीय कम्पनी बाग में बु. वि. सेना के कार्यकर्ताओं ने धरना प्रदर्शन किया। बु. वि. सेना प्रमुख हरीश कपूर टीटू ने कहा कि ललितपुर जिले का एक भी सरकारी कार्यालय ऐसा नही है जहां पर बगैर सुविधा शुल्क के एक इंच भी फाइल नहीं आगे बढ़ती हो । दूरदराज से आये गरीबों व किसानों का जमकर आर्थिक शोषण हो रहा है । दलालों का बोलबाला है । कोई भी कार्य बगैर दलालों के नहीं हो पाता है ।

गरीब किसान दूरदराज से किराया लगाकर अपने काम के लिए शहर आता है । कोई भी रिपोर्ट लगवाने पर उनसे सुविधा शुल्क मांगा जाता है ।



और उसे काम पूरा कराने के लिए महिनों सरकारी कार्यालयों के चक्कर लगाने पड़ते हैं । बु. वि. सेना प्रमुख टीटू कपूर ने कहा कि पूरे प्रदेश में ललितपुर जिला टॉप - 5 में निकलेगा । उन्होंने कहा कि सुविधा शुल्क में कई गुना वृद्धि हो गई है । सरकारी कामों में कमीशन का बोलबाला है । सड़कें , बिल्डिंग और अन्य निर्माण कार्य मानक के अनुरूप नहीं बन रही हैं ।

बु.वि. सेना प्रमुख टीटू कपूर ने कहा कि हमारा जिला प्रदेश मुख्यालय से बहुत दूर होने के कारण विकास कार्यों में बहुत पीछे है । हम आशा करते हैं कि जिलाधिकारी महोदय ललितपुर के सभी सरकारी कार्यालयों में व्याप्त समस्याओं का संज्ञान लेकर भ्रष्टाचार पर अंकुश लगायें तथा सरकारी तंत्र को दलालों से मुक्त करके सरकार की मंशा के अनुरूप कार्यशैली को व्यापक बनायें । उन्होंने कहा कि यदि शीघ्र ही भ्रष्टाचार पर लगाम नहीं जाती है तो बु. वि. सेना सभी कार्यालयों में मुहिम चलाकर भ्रष्ट कार्यालयों को चिन्हित करके वहां जाकर उग्र प्रदर्शन करेगी ।

धरना प्रदर्शन के दौरान बु. वि. सेना के वरिष्ठ सदस्य राजमल बरया , कदीर खाँ , राजकुमार कुशवाहा , फूलचंद रजक, अमरसिंह बुन्देला , मुन्ना त्यागी, खुशाल बरार , गफूर खाँ, जगदीश झा , लालचंद रजक, रामसहाय राठौर, प्रमोद धानुक, सुजीत धानुक, शाहिद अली, संजू राजा, प्रकाश झा , पुष्पेन्द्र शर्मा , भैय्यन कुशवाहा , विनोद साहू , पुष्पेन्द्र बुन्देला , रवि रैकवार , नन्दराम कुशवाहा , टिंकू सोनी , अंकित जैन , प्रदीप साहू , अमित जैन आदि मौजूद रहे ।

## समझौता कराया गया

# प्रोजेक्ट नई किरण ने कराया एक परिवार का पुनर्मिलन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

रिजर्व पुलिस लाइन में एसपी मो.मुश्ताक के निर्देशन में प्रोजेक्ट नई किरण का आयोजन किया गया, इसमें परिवार का सुलह-समझौते के आधार पर समझौता कराया गया, वहीं पांच मामलों को अग्रिम तिथि दी गयी। इस दौरान एएसपी कालू सिंह, आरआई जगदीश सिंह, महिला थानाध्यक्ष अनीता देवी, महिला आरक्षी सिमरन, अजय बरया, सुधा कुशवाहा, डा.संजीव शर्मा, डा.एस.पी.पाठक, डा.जनक किशोरी शर्मा, अरमान कुरैशी मौजूद रहे।

## संस्कार भारती की प्रांतीय धरोहर यात्रा का भव्य स्वागत एवं गोष्ठी आयोजित

# प्रमुख धरोहर स्थलों के बारे में विस्तार से बताया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

संस्कार भारती द्वारा आयोजित प्रांतीय धरोहर यात्रा का स्वागत एवं गोष्ठी कार्यक्रम नगर में गरिमामय वातावरण में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में धरोहर यात्रा के अंतर्गत पहुँचे संस्कार भारती के प्रांतीय महामंत्री सुरेंद्र पांडे तथा प्रांतीय धरोहर एवं कला प्रमुख अखिलेश पांडे का भव्य स्वागत किया गया।

वरिष्ठ चिकित्सक एवं समाजसेवी डॉ. राजकुमार जैन ने अतिथियों का माल्यार्पण, शाल, श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान किया। इसी क्रम में इंटैक चैप्टर अध्यक्ष संतोष शर्मा तथा पत्रकार रविंद्र दिवाकर को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन संस्कार



भारती के अध्यक्ष प बृजमोहन संज्ञा ने किया, जबकि आभार प्रदर्शन महामंत्री के.के. पाठक एवं संरक्षक गोविंद नारायण व्यास द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत जनपद के प्रसिद्ध कवि अखिलेश शांडिल्य द्वारा सरस्वती वंदना से हुई। तत्पश्चात संतोष शर्मा व रविंद्र दिवाकर ने देवगढ़ के दशावतार मंदिर, नीलकंठ मंदिर, पाली, भारत, दुर्ग तालबेहट सहित क्षेत्र के प्रमुख धरोहर स्थलों की विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की। इसके बाद वरिष्ठ समाजसेवियों एवं चिकित्सकों डॉ. राजकुमार जैन, डॉ. दीपक चौबे, कन्हैया नामदेव, डॉ. दीपा सिंधी, मंजू कटारे आदि ने जनपद ललितपुर के महत्वपूर्ण पर्यटन स्थलों के बारे में यात्रा दल को अवगत कराया।

संस्कार भारती के उपाध्यक्ष रमेश पाठक, रविंद्र पंडित, लक्ष्मीनारायण शर्मा, सुदेश सोनी, महेश नामदेव, बृजेश शर्मा, सर्वेश श्रीवास्तव, श्री नामदेव समाज मंदिर के अध्यक्ष दीपक पटवारी, तथा इलेक्ट्रॉनिक व प्रिंट मीडिया से पुष्पा झा सहित नागरिक उपस्थित रहे।

पीठासीन अधिकारी के छुट्टी पर जाने के चलते जिपं अध्यक्ष के अविश्वास प्रस्ताव पर नहीं हो सकी चर्चा

# इंतजार करते सुबह से शाम हो गई पहुंचे ही नहीं पीठासीन अफसर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

जिला पंचायत अध्यक्ष गुड्डी बाई के खिलाफ लाए गए अविश्वास प्रस्ताव पर सोमवार को चर्चा नहीं हो सकी। ज्ञात हो कि 10 सदस्य वाली जिला पंचायत में 8 सदस्यों ने जिला अध्यक्ष गुड्डी बाई के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाने के लिए कलेक्टर को आवेदन दिया था। इस आवेदन के मिलने के बाद कलेक्टर अर्पित वर्मा ने एडीएम रूपेश उपाध्याय को पीठासीन अधिकारी बनाकर 1 दिसंबर को अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा करने और मतदान कराने के निर्देश दिए थे। नियत समय पर सभी आठ सदस्य तो जिला पंचायत में पहुंच गए लेकिन अविश्वास पर चर्चा और मतदान कराने के लिए अधिकृत पीठासीन अधिकारी रूपेश उपाध्याय सभागार में नहीं पहुंचे। बार-बार फोन करने पर उनका फोन बंद आया।

ऑफिस से पता चला कि वह अचानक बीमार होने के चलते छुट्टी पर चले गए हैं दिनभर 8 सदस्य जिला पंचायत सभागार में बैठे रहे और इधर-उधर फोन लगाते रहे जब शाम के 5 बज गए ओर ऑफिस बंद होने का समय हो गया और पीठासीन अधिकारी या कोई अफसर भी वहां नहीं पहुंचा तो सभी सदस्य यह कहते हुए वापस घर लौट गए कि अब तो प्रशासन से भरोसा उठ गया है अब उन्हें न्यायालय के शरण में जाना पड़ेगा। कलेक्टर अर्पित वर्मा को जिला पंचायत अध्यक्ष के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाने के लिए दिए गए आवेदन में 8 जिला पंचायत सदस्यों ने हस्ताक्षर करते हुए आरोप लगाया कि जिपं अध्यक्ष गुड्डी बाई वार्डों में काम नहीं करातीं है जिससे ग्रामीणों में असंतोष है लोगों को मूलभूत सुविधा का लाभ भी नहीं मिल रहा है। गाहेबगाहे भ्रष्टाचार की शिकायत भी मिलती रहती है जिससे सभी सदस्यों की छवि खराब हो रही है। नियम अनुसार इस तरह का आवेदन मिलने के बाद कलेक्टर को अविश्वास प्रस्ताव लाने के लिए तारीख निश्चित करनी होती है जिसके लिए 1 दिसंबर की तिथि नियत की गई थी। नाराज़ सदस्य सुबह से जिला पंचायत कार्यालय में डटे रहे और शाम को तब ही वापस लौटे जब ऑफिस बंद होने का समय आ गया। इस दौरान सदस्यों ने अफसरों पर जिला पंचायत अध्यक्ष से साठगांठ रखने का आरोप लगाते हुए कोर्ट में जाने की चेतावनी भी दी।



### अविश्वास प्रस्ताव लाने इन आठ सदस्यों ने किए हस्ताक्षर

जिला पंचायत अध्यक्ष के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाने के लिए जिन जिला पंचायत सदस्यों ने आवेदन दिया है,उनमें बर्फी बाई—वी.पी. सिंह, गिरधारी लाल वेरवा, कलावती आदिवासी, संदीप शाक्य, अनीता कुशवाह, माहेश्वरी धाकड़, गीताबाई आदिवासी और कविता आर्य—शामिल हैं। सिर्फ जिला पंचायत उपाध्यक्ष नीरज सिंह जाट ही जिपं अध्यक्ष गुड्डी बाई के साथ खड़े दिखाई दे रहे हैं।

### बीते आठ दिन से मोबाइल बंद कर गायब थे सदस्य

जिला पंचायत अध्यक्ष के खिलाफ आने वाले अविश्वास प्रस्ताव पर जिन आठ सदस्यों ने हस्ताक्षर किए थे वह 1 दिसंबर को अविश्वास प्रस्ताव पर अध्यक्ष के खिलाफ मतदान करने के लिए सभागार में पहुंच भी गए थे लेकिन पीठासीन अधिकारी के नहीं आने से फ़िलहाल फैसला टल गया लेकिन इतने बड़े मामले में पीठासीन अधिकारी के गायब रहने पर सवालिया निशान जरूर लगा है। इससे पहले नाराज सदस्यों को मनाने की कवायत भी शुरू हो गई थी सूत्रों की माने तो विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर इस तरह अविश्वास प्रस्ताव लाने से नाराज हैं उन्होंने स्थानीय भाजपा नेताओं को निर्देशित किया है कि वह सभी आठ सदस्यों को मनाएं ताकि अविश्वास प्रस्ताव टाला जा सके। नरेंद्र सिंह तोमर के इस मामले में सक्रिय होने के बाद सभी आठ सदस्य अपने मोबाइल बंद कर गायब हो गए थे तब से वह मतदान वाले दिन जिला पंचायत सभागार में दिखाई पड़े हैं इससे लग रहा है कि इस मामले में राजनीतिक गहरी है जहां नरेंद्र सिंह तोमर आदिवासी महिला होने के कारण गुड्डी बाई को बचाना चाहते हैं वही भाजपा में ही कोई धड़ा और है जो गुड्डी बाई को अपने पद से अपदस्थ करना चाहता है। फिलहाल वह कौन लड़ा है जिसकी बातें सभी 8 सदस्य मान रहे हैं इसके कयास ही लगाए जा रहे हैं।

### उप चुनाव कराने की दी सदस्यों ने धमकी

जब पीठासीन अधिकारी शाम तक नहीं पहुंचे तो सदस्यों ने जाते जाते चेतावनी दी कि यदि प्रशासन ने उनकी बात को अनसुना किया या उन पर अनर्गल दवाब बनाने का प्रयास किया तो वह सभी आठ सदस्य सामूहिक इस्तीफा दे देंगे जिसके बाद निर्वाचन आयोग के पास उप चुनाव कराने के अलावा कोई विकल्प नहीं बचेगा।

### दो ही रास्ते हैं

प्रशासनिक अधिकारी जानबूझकर नियमों संविधान की अनदेखी की जा रही हैं। आज मतदान कराना था लेकिन हम दिनभर बैठे इंतजार करते रहे पीठासीन अधिकारी नहीं आए अब हमारे पास दो ही रास्ते हैं या तो न्यायालय में जाएं या फिर सामूहिक इस्तीफा देकर दोबारा चुनाव करवाए जाएं।

**गिरधारी लाल बैरवा**
**जिला पंचायत सदस्य श्योपुर**

नायब तहसीलदार ने किसानों को दिलाया खाद की उपलब्धता कराने का भरोसा

# खाद को लेकर परेशान होते किसानों ने घेरा बड़ौदा तहसील कार्यालय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर



एक तरफ शासन प्रशासन किसानों के लिए खाद की पर्याप्त उपलब्धता के दावे कर रहा है। वहीं दूसरी तरफ जिले के किसान खाद न मिलने की समस्या को लेकर आए दिन प्रदर्शन कर रहे है। इसकी ताजा बानगी सोमवार की सुबह बडौदा तहसील मुख्यालय पर तब देखने को मिली,तब खाद लेने के लिए लाइन में लगे किसानों ने खाद न मिलने की समस्या को लेकर बडौदा तहसील कार्यालय का घेराव करते हुए नारेबाजी कर दी।

बडौदा तहसील कार्यालय का घेराव कर नारेबाजी करने वाले किसानों की अगुवाई कर रहे किसान नेता राधेश्याम मीणा मूंडला ने कहा कि रबी सीजन में गेहूं, सरसों, चना आदि फसलों के लिये यूरिया खाद की अत्यधिक आवश्यकता होती है, लेकिन बड़ौदा में खाद संकट गहराता जा रहा है। किसान प्रतिदिन वेयरहाउस और सहकारी संस्थाओं के चक्कर लगाने को मजबूर हैं, फिर भी खाद नहीं मिल पा रही है। किसानों की खाद की समस्या का जल्द ही निराकरण नहीं हुआ तो सडक पर उतरकर उग्र आंदोलन किया जाएगा। इस दौरान किसानों की मांग थी कि मार्कफेड वेयरहाउस सहित बड़ौदा तहसील की सभी सहकारी संस्थाओं पर खाद की पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित की जाए, ताकि किसानों की फसलें प्रभावित न हों। इस दौरान किसानों की समस्या सुनते हुए नायब तहसीलदार बड़ौदा सुरेश राठौड़ ने संबंधित अधिकारियों से बात कर जल्द खाद की परेशानी का समाधान करवाए जाने का भरोसा किसानों को दिया है। इस दौरान किसान यह बात कहते हुए तहसील कार्यालय से चले गए कि अगर प्रशासन तुरंत व्यवस्था नहीं सुधारता है तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

# कार में टक्कर लगने की बात पर विवाद चले लात-घूंसे, क्रॉस एफआईआर दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

कराहल थाना क्षेत्र में बीती देर शाम को रास्ते में खडी कार में टक्कर लगने की बात पर दो पक्षों के बीच विवाद हो गया और विवाद के दौरान लातघूसे चल गए। इस दौरान दो लोग चोटिल भी हो गए। जिन्हें इलाज के लिए कराहल के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराया गया,जहां दोनों की हालत खतरे से बाहर बताई गई। इस मामले में कराहल थाना पुलिस ने दोनो पक्षों के खिलाफ क्रॉस मारपीट का मामला दर्ज कर लिया है।

कराहल थाना पुलिस ने बताया कि विष्णु गुर्जर निवासी मेहरबानी हाल गोवर्धा की कार रविवार की देर शाम को जब उपरी खोरी के रास्ते में सडक किनारे खडी थी, तभी वहां होकर गोपाल शर्मा निवासी पनवाडा अपनी कार लेकर गुजरा,इस दौरान उसकी कार सडक पर खडी विष्णु की कार से टकरा गई। इसी बात को लेकर दोनो के बीच गाली गलौच के बाद विवाद हो गया,इसमें दोनों पक्ष के लोगो के बीच लातघूसे भी चले गए। इस दौरान एक तरफ से चोटिल हुए गोपाल शर्मा पुत्र विनोद शर्मा निवासी पनवाडा की रिपोर्ट पर विष्णु गुर्जर, वीरू गुर्जर तथा दो अन्य के खिलाफ मारपीट का मामला दर्ज कर लिया। वहीं विष्णु गुर्जर पुत्र मनीराम गुर्जर की रिपोर्ट पर गोपाल शर्मा के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली है।

### खेत पर युवक को सर्प ने डंसा, इलाज के दौरान मौत

श्योपुर। कराहल थाना क्षेत्र के गांव पहेला के हार में एक युवक को उस समय सर्प ने डस लिया,जब वह खेत में कोई काम कर रहा था। उसे इलाज के लिए कराहल अस्पताल में ले जाया गया,जहां उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। कराहल थाना पुलिस ने मर्ग दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। कराहल थाना पुलिस ने बताया कि ग्राम पहेला के हार में बीती शाम को राजेश आदिवासी पुत्र रामनाथ आदिवासी निवासी ग्राम मसावनी थाना आवदा जब खेत में कोई काम कर रहा था,तभी उसे सांप ने डस लिया। जिसका पता चलने पर आसपास के लोग उसे इलाज के लिए कराहल अस्पताल लेकर पहुंचे,जहां उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने पीएम के बाद उसके शव को परिजन के सुपुर्द कर दिया और मर्ग दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# जिनका जीवन दूसरों के लिए समर्पित होता है, वो बहुत याद आते हैं: रफत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

जिनका जीवन हमेशा दूसरों के लिए समर्पित होता है, वो जाने के बाद याद बहुत आते हैं। यह बात मध्यप्रदेश हज कमेटी के अध्यक्ष (कैबिनेट मंत्री दर्जा) रफत वारसी ने सोमवार को मदरसा नयापुरा में मुस्लिम समुदाय के लोगों के साथ चर्चा करते हुए कही। वह शनिवार की रात भोपाल के पास सड़क दुर्घटना में मृत हुए श्योपुर के चार लोगों के घर संवेदना व्यक्त करने पहुंचे थे।

शनिवार की रात करीब 10:00 बजे बेरसिया (,भोपाल) के पास सड़क दुर्घटना मे धार्मिक विद्वान मौलाना अनीस सहित चार लोगों की मौत घटनास्थल पर हो गई थी। यह सभी लोग भोपाल में एक धार्मिक कार्यक्रम में शामिल होकर वापस लौट रहे थे। दुर्घटना की सूचना मिलने पर मध्यप्रदेश हज कमेटी के अध्यक्ष ने बेरसिया अस्पताल पहुंचकर रविवार को सभी चार शवों का पोस्टमार्टम करवा कर उन्हें श्योपुर भिजवाने में सहयोग किया और उनके साथ श्योपुर पहुंचकर रविवार की रात दफकीन (अंतिम संस्कार) कार्यक्रम में शामिल हुए। सोमवार को सभी मृतकों के घर पहुंच कर उन्होंने संवेदना व्यक्त करते हुए विश्वास दिलाया कि वह हमेशा उनके साथ खड़े हैं कभी कोई जरूरत हो तो बे हिचक बता सकते हैं। इस दौरान वक्फ इंतजामिया कमेटी के सदर इंसाफ कुरेशी, हज कमेटी के जिला अध्यक्ष सलीम जावेद, पार्षद खालिद मोहम्मद, समाजसेवी इनायत मोहम्मद कनापुर, सादिक भाई इत्यादि मौजूद रहे।



# एक दीवान और चार आरक्षकों का ट्रांसफर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

जिले के पुलिस विभाग में एक प्रधान आरक्षक और चार आरक्षकों का जिला स्तर पर ट्रांसफर पर हुआ है। सोमवार को एसपी कार्यालय से जारी आदेश के अनुसार कार्य वाहक प्रधान आरक्षक अमित शर्मा को ढोढर थाने से आजाक थाने में स्थानांतरित किया गया है। जबकि महिला आरक्षक अंजलि जादौन को विजयपुर थाने से एसडीओपी कार्यालय विजयपुर, आरक्षक मलखान सिंह को अगरा से विजयपुर, शिवराज घुरैसा को विजयपुर से अगरा तथा प्रदीप वित्तल को पुलिस लाइन से अगरा थाने में पदस्थ किया गया है।

# वंदेमातरम के साथ कार्यालयों में हुई कामकाज की शुरुआत

**श्योपुर।** माह दिसम्बर 2025 के प्रथम कार्य दिवस पर कार्यालय प्रारंभ होने के तत्काल पूर्व संयुक्त कलेक्ट्रेट भवन स्थित कार्यालयों के अधिकारी, कर्मचारियों ने राष्ट्रीयगीत वंदेमातरम का गायन कलेक्ट्रेट परिसर श्योपुर में किया। इस अवसर तहसीलदार मनीषा मिश्रा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारियों ने राष्ट्रीयगीत वंदेमातरम का गायन किया। इसके उपरांत शासकीय कार्यालयों में काम-काज की शुरुआत हुई।

# खेल जीवन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा:संजय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

खेल जीवन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा हैं और इनका वर्णन वेदों में भी मिलता है। यह बात भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष श्योपुर संजय मंगल ने सोमवार को मंडल स्तरीय सांसद खेल महोत्सव 2025 के तहत पीजी कॉलेज श्योपुर के इंडोरियम हॉल में जिला प्रशासन एवं जिला खेल ओर युवा कल्याण विभाग श्योपुर द्वारा आयोजित कार्यक्रम का मुख्य अतिथि की आसंदी से शुभारंभ करते हुए कही। इस दौरान कबड्डी, रस्साकसी,100 मीटर दौड़, गौला फेंक आयोजित कराई गई। जिसमें शामिल होने वाले आए खिलाडियों से नगर मंडल अध्यक्ष ने परिचय प्राप्त करते हुए उन्हें खेलो के क्षेत्र में अपना नाम रोशन करने की शुभकामनाएं प्रदान की। ग्रामीण मंडल अध्यक्ष लेखराज गुर्जर, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष मोनू सोनी, ब्लाक शिक्षा अधिकारी मधु शर्मा, जिला खेल अधिकारी अरूण चौहान, गर्ल्स स्कूल प्राचार्य भरत जाट, सांसद खेल महोत्सव के प्रभारी अजय द्विवेदी मौजूद थे।



### खेल प्रतियोगिताओं में छात्र-छात्राओं ने दिखाई प्रतिभा



श्योपुर। सांसद खेल महोत्सव के तहत शासकीय हाईस्कूल गसवानी में खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसमें क्षेत्र की 13 ग्राम पंचायतों के 15 से 25 बर्ष के खिलाडी बालक बालिकाओं ने विभिन्न खेलो में शामिल होकर अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया।कबड्डी,रस्साखेंच,गोला फेंक,दौड आदि खेल प्रतियोगिताओं में विजेता बनने वाली टीमो को कार्यक्रम में अतिथि के रूप में उपस्थित भाजपा मंडल गसवानी के अध्यक्ष जगदीश धाकड ने पुरस्कार प्रदान किए। उन्होने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और सांसद शिव मंगल सिंह तोमर के प्रयासों के चलते आयोजित इस सांसद खेल प्रति योगिता के माध्यम से क्षेत्र के खिलाडी बालक बालिकाओ को अपनी खेल प्रतिभा दिखाने का अवसर मिला है। यह पहल काफी सराहनीय है। इस मौके पर जनपद सदस्य गंगाधर बैरागी मंडल महामंत्री नन्दकिशोर अनंत, उपाध्यक्ष गिर्राज शर्मा, प्राचार्य धर्मेंद्र शर्मा, अशोक शर्मा, सरपंच चिमलवानी दाताराम यादव जी, सभी पंचायत सचिव और क्षेत्र खेल प्रेमी लोग उपस्थित थे।

शहर समेत जिलेभर में भक्तिमय वातावरण के बीच मनी गीता जयंती

# एक साथ गीता पाठ कर दिया सकारात्मक ऊर्जा और आध्यात्मिक चेतना का संदेश






हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

अन्तर्राष्ट्रीय गीता जयंती महोत्सव के अवसर पर सामूहिक समवेत गीता स्वाध्याय कार्यक्रम का आयोजन सम्पन्न हुआ। भक्तिमय वातावरण के बीच श्री रामतलाई हनुमान मंदिर परिसर में आयोजित गीता जयंती महोत्सव के अवसर पर विश्व गीता प्रतिष्ठान एवं नीलकंठ वैदिक गुरूकुल श्योपुर के निर्देशन में एक साथ सैकडो लोगो ने गीता के 15 वें अध्याय का सस्वर पाठ सकारात्मक ऊर्जा और आध्यात्मिक चेतना का संदेश दिया।

इस अवसर पर जिपं सीईओ सौम्या आनंद, डिप्टी कलेक्टर संजय कुमार जैन, भाजपा जिलाध्यक्ष शशांक भूषण, पूर्व विधायक बृजराज सिंह चौहान, भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य महावीर सिंह सिसौदिया एवं कैलाश नारायण गुप्ता, भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष सुरेन्द्र जाट, कॉग्रेस जिलाध्यक्ष मांगीलाल फौजी, नगर पालिका उपाध्यक्ष संजय महाना, सुजीत गर्ग, दिनेश दुबोलिया, जिला शिक्षा अधिकारी एम.एल. गर्ग, सहायक संचालक

यश जैन एवं मधु शर्मा,कैलाश पाराशर, ओ.पी. शर्मा, विश्व गीता प्रतिष्ठान के जिला प्रमुख जितेन्द्र शर्मा, जिला सह प्रमुख अंजना शर्मा, नीलकंठ वैदिक गुरूकुल के आचार्य भरत शर्मा एवं विद्यार्थीगण, अन्य जनप्रतिनिधि अधिकारी, कर्मचारी, शिक्षकगण, विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राऐं, गणमान्य नागरिक आदि उपस्थित रहें। मध्य प्रदेश संस्कृति विभाग के तत्वाधान और कलेक्टर अर्पित वर्मा के निर्देशन में आयोजित उक्त जिला स्तरीय कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्जवलन, सरस्वती वंदना एवं गीता पूजन के साथ हुआ। इसके उपरांत विश्व गीता प्रतिष्ठान एवं नीलकंठ वैदिक गुरूकुल के सदस्यों द्वारा प्रेरणा गीत की प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम के अगले क्रम में विश्व गीता प्रतिष्ठान एवं नीलकंठ वैदिक गुरूकुल के सदस्यों द्वारा ईशवंदना एवं गुरूवंदना का सस्वर पाठ किया गया। इसके उपरांत गीता और माहात्म्यम्‌ का सस्वर उच्चारण किया गया। इसके पश्चात श्रीमद्भगवद् गीता के 15 वें अध्याय का सस्वर सामूहिक पाठ सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का समापन गीता आरती के साथ सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का संचालन शिक्षकगण चन्द्रमोहन गौतम एवं स्मिता दाधिच ने किया तथा आभार प्रदर्शन डिप्टी कलेक्टर संजय जैन द्वारा व्यक्त किया गया। कार्यक्रम के दौरान श्रीकृष्ण चित्र प्रदर्शनी का आयोजन भी किया गया। इसके साथ ही विकासखण्ड कराहल मुख्यालय स्थित आदर्श एकलव्य आदिवासी आश्रम कराहल एवं विकासखण्ड विजयपुर स्थित शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय विजयपुर में सामूहिक गीता पाठ के कार्यक्रम आयोजित किए गए।

### नित्य रूप से करना चाहिए गीता पाठ

नीलकंठ वैदिक गुरूकुल के आचार्य भरत शर्मा ने गीता जी की महिमा पर व्याख्यान देते हुए, कहा कि् भगवद् गीता में एक लाख श्लोक है। इनका हमारे जीवन बहुत महत्व है। इनमें से 700 श्लोक ऐसे है। जिन्है हम अपने जीवन में आत्मसात करलें तो जीवन का मार्ग स्वतः ही मिल जायेगा। उन्होंने कहा कि हमें नित्य रूप से गीता का पाठ करना चाहिऐं। इसके उपदेशों से सदाचार और सद्विचार की भावना उत्पन्न होती है।

### चल समारोह निकाला

शहर सहित जिले भर में सोमवार को गीता जयंती महोत्सव भक्तिमय उल्लास के साथ मनाया गया। सोमवार की सुबह 5 बजे शहर में प्रभात फेरी निकाली गई। इसके बाद सुबह 9 बजे गीता भवन में सामूहिक गीता पाठ और फिर गीता गोपाल, स्वामी कृष्णानंद महाराज और वेदव्यासजी का सामूहिक पूजन हुआ। इसके बाद शाम को शहर में भव्य चल समारोह भी निकाला गया। सुसज्जित रथ के साथ निकाली गई शोभायात्रा गीता भवन से प्रारंभ हुई, जो सूबात कचहरी, चौराहा, मुख्य बाजार, गुलंबर होते हुए वापिस गीता भवन पर जाकर संपन्न हुई। जिसके बाद गीता के प्रवचन हुए। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए

# चार को फिर श्योपुर दौरे पर आ सकते हैं मुख्यमंत्री, प्रशासनिक हलचल तेज़

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर



27 नवंबर को बड़ौदा में किसानों को मुआवजा वितरण करने के सप्ताहभर बाद ही मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के एक बार फिर श्योपुर आने की चर्चाएं हो रही है। हालांकि इस मामले में अभी-अभी तक प्रशासनिक या संगठन के आधार पर कोई पुष्टि नहीं कर रहा है लेकिन सूत्रों से खबर मिल रही है कि सीएम डॉ मोहन यादव आगामी 4 दिसंबर को चीता दिवस के अवसर पर श्योपुर पहुंचकर कूनो में आयोजित कार्यक्रम में भागीदारी कर सकते हैं। पुलिस और प्रशासन ने इस संबंध में अपनी तैयारियां शुरू कर दी है। जिसको लेकर सीएम के आने की चर्चाओं को बल मिल रहा है।

दरअसल 4 दिसंबर को अंतरराष्ट्रीय चीता दिवस मनाया जाता है। यह दिन चीतों के संरक्षण को बढ़ावा देने और उन्हें विलुप्त होने से बचाने के वैश्विक प्रयासों पर जोर देने के लिए समर्पित है। ज्ञात हो कि 2022 में कूनो में दक्षिण अफ्रीका और नामीबिया से चीतों को लाकर छोड़ा गया था जिसे 70 चीतों की भारत में घर वापसी बताया जा रहा है। चीता प्रोजेक्ट के लिहाज से भी यह दिवस अब भारत के साथ-साथ मध्य प्रदेश और श्योपुर के कूनो नेशनल पार्क के लिए महत्वपूर्ण हो जाता है इसलिए सीएम डॉ मोहन यादव 4 दिसंबर को यहां आकर चीता दिवस के अवसर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रम में भागीदारी कर सकते हैं।

### बोत्सवाना से चीते आने की उम्मीद

एक करार के अनुसार दिसंबर माह में बोत्सवाना से आठ और चीते भारत लाए जाने हैं। जिन्हें पहले कूनो अभयारण्य में क्वारंटाइन किया जाएगा। बाद में, उन्हें किसी ओर अभयारण्य में स्थानांतरित करने की योजना है। 2022 और 2023 में नामीबिया और दक्षिण अफ्रीका से लाए गए चीतों के बाद, भारत में चीतों की संख्या बढ़कर 32 हो गई है, जिनमें देशी चीते भी शामिल हैं। ऐसे में संभावना जताई जा रही है कि सीएम 4 दिसंबर को बोत्सवाना से लाए गए चीतों को कूनो में छोड़ सकते हैं।

## खबर संक्षेप

### दहेज प्रताड़ना का मामला दर्ज

**अशोकनगर।** जिल के कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत रानी राजपूत निवासी गणेश कॉलोनी अशोकनगर ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि ससुराल पक्ष की ओर से राममूर्ति चैहान, मिथलेश बाई चैहान, चन्द्रप्रताप चैहान द्वारा दहेज की मांग को लेकर उसे शाररिक और मानसिक रूप से प्रताड़ति किया गया और जान से मारने की धमकी दी गई। पुलिस ने ससुराल पक्ष पर दहेज प्रताड़ना का मामला दर्ज किया है।

### कार की टक्कर से युवक घायल

**अशोकनगर।** जिले के पिपरई थाने के अंतर्गत मातामढ़ मोहल्ला पिपरई निवासी छोटू राय ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि मुंगावली अशोकनगर रोड पर पेट्रोल पपं के पास सफेद रंग की कार ने अपने वाहन को लापरवाही से चलाया और सड़क किनारे खड़े नीतेश पाल को टक्कर मार दी जिससे उसे चोटें आई हैं।

### अवैध शराब के कई मामले दर्ज किए

**अशोकनगर।** जिले में अवैध शराब के कई मामले दर्ज किए गए हैं। जिले की सेहराई पुलिस ने 4 अलग अलग लोगों से अवैध शराब बरामद की है। जिसमें कल्लू अहिरवार निवासी अचलगढ़, लल्लू अहिरवार निवासी सिधारा, मोहनसिंह अहिरवार निवासी अचलगढ़ और नेतराम अहिरवार निवासी अचलगढ़ के पास से 5-5 लीटर कच्ची शराब बरामद की गई है।

### मर्ग की जांच पर से मामला दर्ज

**अशोकनगर।** जिले के चन्देरी थाने के अंतर्गत धुबिया तालाब के पास धोबी घाट के पास मस्जिद पर अवैध रूप से बिजली का उपयोग करने हेतु एक बिजली का तार डाल रखा था। जिससे अजय पुत्र प्रकाश बरार उम्र 25 साल निवासी जुगयाना मोहल्ला चन्देरी और हनीफ खां पुत्र हबीब खां निवासी बादल महल चन्देरी की बिजली का करंट लगने से मौत हो गई थी।

### गर्ल्स कॉलेज में आयोजित हुआ श्रीमद् भागवत गीता महोत्सव का आयोजन

# ‘हम इस संसार में अकेले ही आए हैं और अकेले ही जाना है’

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीना




गर्ल्स कॉलेज में श्रीमद् भगवत गीता महोत्सव का आयोजन हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर व्याख्यान श्लोक पाठ एवं गीता के विषय में महत्वपूर्ण एवं व्यावहारिक जानकारी दी गई। कार्यक्रम का शुभारंभ कॉलेज की प्रभारी प्राचार्य डॉक्टर रश्मि जैन ने किया। उन्होंने गीता में वर्णित उपदेशों के संबंध में कहा कि जन्म मृत्यु जीवन का अटल सत्य है एवं ईश्वर की मर्जी एवं विधि का विधान है तो फिर जन्म से मृत्यु के बीच की जीवन यात्रा हम मनुष्यों की मर्जी से कैसे हो सकती है। इसलिए कर्म करें और ईश्वर के निर्णय को स्वीकार करें।

मुख्य वक्ता डॉक्टर उमा लवानिया ने गीता के सार को समझाते हुए कहा कि हम इस संसार में अकेले ही आए हैं और अकेले ही जाना है। हम अपने कर्मों के साथ इस संसार से विदा होंगे इसलिए हमें निरंतर निष्काम कर्म करना चाहिए एवं अपनी इंद्रियों पर नियंत्रण, कर्म मार्ग, भक्ति मार्ग और ज्ञान मार्ग द्वारा ईश्वर प्राप्ति और ईश्वर पर विश्वास कर निरंतर अच्छे कर्म करते रहना चाहिए। कार्यक्रम का संचालन करते हुए डॉक्टर रश्मि द्विवेदी ने कहा कि गीता में कहा गया कि जब युद्ध भूमि में श्री अर्जुन युद्ध करने से पीछे हट रहे थे तब कृष्ण जी ने उन्हें समझाते हुए कहा कि यदि संसार से तुम जैसे अच्छे लोग अच्छे कर्म करने से पीछे हटेंगे तो अन्याय पर न्याय की जीत और अधर्म पर धर्म की जीत कैसे संभव होगी। विद्यार्थियों के लिए गीता पर आधारित श्लोक वाचन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें प्रथम देवंती लोधी, द्वितीय वेदिका पाठक एवं तृतीय स्थान पर साक्षी तिवारी रही। निर्णायक के रूप में डॉक्टर हरिशंकर सेन, डॉक्टर आशीष गुप्ता एवं अरुण उपाध्याय रहे। कार्यक्रम में प्रकाश चंद्र, डॉक्टर दिनेश राय, डॉक्टर आशीष गुप्ता, यशवंत शर्मा डॉक्टर निशि भदोरिया, राजीव लोधी, नवीन नामदेव, आरती ठाकुर, नीता नामदेव, कीर्ति ठाकुर, मनीता राजपूत, रामबाबू रैकवार, मनीष कुशवाहा, विकास, रंजना, पूजा सहित बड़ी संख्या में छात्राएं उपस्थित रही।

## प्रत्येक व्यक्ति करे गीता के उपदेशों का पालन : महंत

*गीता जयंती पर ब्लॉक स्तरीय सामूहिक कार्यक्रम का हुआ आयोजन*






**बीना।** अंतर्राष्ट्रीय गीता जयंती महोत्सव का ब्लॉक स्तरीय सामूहिक कार्यक्रम का आयोजन सांदीपनि विद्यालय में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में कई स्कूलों के करीब साढ़े तीन सौ बच्चों ने भाग लिया। उन्होंने गीता के 15 अध्याय का वाचन किया। कार्यक्रम के अध्यक्ष देव रघुनाथ मंदिर ट्रस्ट के महंत महामण्डलेश्वर श्री राधा मोहन दास महाराज ने अपने संबोधन में कहा कि गीता जी विशेष मानव, किसी क्षेत्र विशेष समुदाय, विशेष वर्ग, व्यक्ति विशेष की न होकर सभी मानवों के लिए है। उन्होंने आगे कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को गीता के उपदेशों का पालन करते हुए हमेशा अच्छे कर्म करना चाहिए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पंड़ित विष्णु पटेरियाने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। इस अवसर पर हरिदयाल गोस्वामी, दशरथ पुरोहित, भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष राजेंद्र उपाध्याय, सरपंच बलराम बुंदेला, बाईएम आठले, राजेंद्र यादव, नगर महामंत्री आलेख राय, नगर मंत्री प्रदीप तिवारी, राजेश चौबे, लखन लाल कटारे, राजेंद्र सिंह ठाकुर पुरा सहित छात्र छात्राएं, शाला स्टाफ, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। आभार शाला प्राचार्य मंजू यादव ने माना।

### अभियान में जुटी टीम का एसडीएम ने जताया आभार

## विधानसभा में मतदाता सूची का 100 प्रतिशत डिजिटाइजेशन का कार्य पूर्ण



**बीना।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार एवं जिला कलेक्टर संदीप जीआर के मार्गदर्शन में चलाए जा रहे विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान का कार्य विधानसभा में पूर्ण कर लिया गया है। एसडीएम विजय डेहरिया ने बताया कि बीना विधानसभा में मतदाता सूची का 100 प्रतिशत डिजिटाइजेशन कार्य पूर्ण हो चुका है। उन्होंने बताया कि मजबूत लोकतंत्र सटीक मतदाता सूची से ही संभव है। एसआईआर प्रक्रिया निर्वाचन कार्यों में तकनीकी सुधार, सुगमता तथा जन विश्वास को और अधिक मजबूत करेगी।

अभियान के तहत सभी पात्र मतदाताओं का सही-सही विवरण डिजिटल रूप से दर्ज किया गया है। नए मतदाताओं के पंजीकरण का कार्य सटीक और शीघ्र होगा। उन्होंने बताया कि बीना विधानसभा के 1 लाख 92 हजार 476 मतदाताओं के 232 मतदान केंद्रों के बीएलओ द्वारा घरझघर जाकर सत्यापन के बाद सभी प्रविष्टियों का अभिलेखीकरण पूर्ण किया गया। इससे नए मतदाताओं के नाम जोड़ने, नाम संशोधन, पता परिवर्तन या नाम हटाने के लिए ऑनलाइन सुविधा अब और अधिक आसान तथा तेज गति से उपलब्ध होगी। एसडीएम ने आम जनता से अपील की है कि यदि किसी प्रकार की त्रुटि या सुधार की आवश्यकता प्रतीत होती है तो तत्काल संबंधित बीएलओ या हेल्पलाइन पर संपर्क करें। विधानसभा की इस उपलब्धि पर एसडीएम विजय डेहरिया ने सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी डॉ अंबर पंथी एवं हेमराज मेहर, जनपद पंचायत कार्यपालन अधिकारी राजेश पाल, सीएमओ नगरपालिका परिषद राहुल कौरव, मास्टर ट्रेनर डॉ एमएल सोनी, संजय ताम्रकार, रंजीत राजपूत, केके जैन, मुकेश दुबे, प्रमोद अहिरवार, विवेक पाठक, हेमंत बबेले, केके पांडेय, अजय सिंह ठाकुर, सहित चंचल श्रीवास्तव, दीपक गोस्वामी, शिखा राजपूत, विनीता चौरसिया, राधे दांगी सहित विधानसभा के सभी नागरिकों, सभी बीएलओ एवं पर्यवेक्षकों तथा टीम के सभी सहयोगी सदस्यों, विभिन्न विभागों के संलग्न अधिकारी एवं कर्मचारियों द्वारा समय सीमा में कार्य पूर्ण करने के लिए बधाई एवं धन्यवाद दिया।

## जिला चिकित्सालय में विश्व एड्स दिवस मनाया



**अशोकनगर।** रविवार को जिला चिकित्सालय अशोकनगर में एक दिसंबर 2025 वल्ड एड्स डे की पूर्व संध्या के अवसर पर आदरणीय जिला कलेक्टर आदित्य सिंह के निर्देश अनुसार मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.अल्का त्रिवेदी एवं नोडल अधिकारी एड्स डॉ अशोक शाक्य के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण संगठन दिल्ली तथा मध्यप्रदेश राज्य एड्स नियंत्रण समिति के दिशा निर्देशों के अनुसार जागरूकता पखवाड़े के कार्यक्रमों का शुभारंभ विश्व एड्स दिवस की पूर्व संध्या क अवसर पर किया गया। इस अवसर पर प्रभारी सिविल सर्जन डॉ बी एल टैगोर तथा एड्स नियंत्रण अधिकारी डॉ अशोक शाक्य की उपस्थिति में एड्स नियंत्रण समिति तथा टी आई परियोजना के समस्त सदस्यों द्वारा कैंडल मार्च निकाला गया। इस अवसर पर रेड रिबन रंगोली बनाई गई तथा एवं सभी जिला एड्स नियंत्रण समिति सदस्यों के द्वारा मोमबत्ती जलाकर समस्त भ्प्ट/एड्स पीड़ित होकर जान गंवाने वाले व्यक्तियों को श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर आईसीटीसी काउंसलर बृजपाल यादव, डीएसआरसी काउंसलर संतोष भार्गव एलटी दिलीप सोनी, टीआई परियोजना प्रबंधक प्रमेन्द्र भार्गव आदि रहे मौजूद।

### सांसद कप की खेल प्रतियोगिता के तीसरे दिन बच्चों ने दिखाया दम

**मुंगावली।** रविवार को मुंगावली के नवीन स्टेडियम में सांसद खेल प्रतियोगिता में एथलेटिक्स प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। खेल आयोजन करने में मुख्य भूमिका संचालक नोडल अधिकारी महेंद्र प्रताप सिंह जादौन और प्राचार्य प्रभारी सुरेंद्र खरे और मुबारक खान, पहलाद सिंह, अक्षय गौर और खेल युवा कल्याण रेनू ओझा की विशेष भूमिका रही। 100 मीटर दौड़ प्रतियोगिता में जूनियर बालक वर्ग में राहुल तिवारी प्रथम स्थान हासिल किया और नितिन ग्वाल ने दूसरा स्थान हासिल किया। वहीं सीनियर बालक में प्रिंस अहिरवार प्रथम स्थान पर रहा। 100 मीटर जूनियर बालिका वर्ग में राधिका लोधी प्रथम स्थान और रश्मि यादव द्वितीय स्थान पर रहे। वहीं 100 मीटर सीनियर महिला राधिका अहिरवार और पांच किलोमीटर में आर्यन बागड़ी ने प्रथम स्थान हासिल किया।

## पुलिस ने 3 आरोपियों से सात लाख कीमत की चुराई 9 बाइक बरामद की



**अशोकनगर।** सिटी कोतवाली पुलिस ने बाईक चुराने वाले 3 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जिनके पास से 7 लाख रूपए कीमत की 9 बाईक बरामद की गई हैं। जिन्हें अलग अलग स्थानों से चुराया गया था। पुलिस अधीक्षक अशोकनगर राजीव कुमार मिश्रा के निर्देशन में यह बाईक बरामद की गई है। उल्लेखनीय है कि 27 नबंवर को फरियादी मिथुन पुत्र हरीसिंह अहिरवार निवासी छैलाबाग अशोकनगर ने रिपोर्ट की थी कि, 26 नबंवर को सरकारी अस्पताल के सामने मैने अपनी मोटरसाईकिल क्रमांक एमपी67 एमडी0260 को खडी करके सरकारी अस्पताल में इलाज कराने चला गया था। कुछ देर बाद जब मैं अस्पताल से बाहर आया देखा तो कोई अज्ञात व्यक्ति मेरी बाईक चोरी कर ले गया था। फिर मैंने गाडी को कई जगह पर तलाश की कोई पता नही चला, जिस पर से पुलिस ने अज्ञात पर मामला दर्ज किया था। इसी बीच पुलिस को मुखबिर से मिली सूचना के बाद पुलिस ने आरोपीगण समीर खां उर्फ टीपू बिलायती पुत्र अब्दुल समद खान निवासी गणेश मोहल्ला अशोकनगर, अभिषेक पुत्र काशीराम अहिरवार आयु 20 साल निवासी रेलवे फाटक के पास पिपरई एवं मुस्ताक मेहबूब खान आयु 30 साल निवासी चिकमंगलूर चैराहा पिपरई को जेबीएस कालोनी अशोकनगर के पास से चोरी की गई मोटरसाईकल एमपी67 एमडी0260 सहित रंगे हाथो पकडकर मोटरसाईकल को जप्त कर आरोपीगण को हिरासत में लेकर पूछ ताछ की गई।

पूछताछ करने पर तीनों आरोपीगण ने बताया कि बताया कि उन्होंने आठ मोटरसाईकल और चंदेरी क्षेत्र, विदिशा, भोपाल, गुना तरफ से चोरी की थी जो विदिशा रोड पावरहाउस के पास खंडहर में छुपाना बताया। आरोपीगण से उक्त चोरी गई मोटरसाईकले बरामद कर आरोपीगण को न्यायालय के समक्ष पेश कर पुलिस रिमांड प्राप्त किया गया। जो बाईक पुलिस ने बरामद की है। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक रवि प्रताप सिंह चैहान, उनि. मनीष गुर्जर, सउनि. सफायत खान, प्रआर. दिनेश कुशवाह, प्रआर. दिलीप रजक, प्रआर. भागीरथ, आर. गौरब रघुवंशी, आर. अभयराज, आर. निशांत छारी आदि की रही भूमिका।

## 10 दिसंबर से नईसराय में नौ दिवसीय श्रीराम कथा होगी




**अशोकनगर।** 10 दिसंबर से नईसराय में नौ दिवसीय श्री राम कथा होगी। ग्राम डूंगासरा महाकाल धाम मंदिर पर मानस मंथन मंडल द्वारा रखे गए कार्यक्रम में क्षेत्र वासियों को अंतर्राष्ट्रीय धर्माचार्य जगतगुरु आचार्य देवमुरारी बापू ने भाग लिया। उन्होंने रामचरित मानस पर व्याख्यान करते हुए कहा कि दुनिया का सर्वश्रेष्ठ ग्रंथ रामचरित मानस है जो आज जीवन जीने की कला सिखाता है और पारिवारिक संबंधों में एकता लाने के लिए प्रेरित करता है एवं त्यागी की परिभाषा को भाषित करता है। श्रीराम और भरत एक दूसरे को अयोध्या जैसे राज्य का परित्याग कर देते हैं। वहीं राम अपने पिता दशरथ की आज्ञा का पालन करते हुए अयोध्या जैसे राज्य का परित्याग कर वन को चले जाते हैं। जहां पर उन्होंने दीन हीन जीवन को अपनाया और आताताई राक्षसों का सर्वनाश किया। श्रीराम ने रावण पर विजय प्राप्त कर अयोध्या में आकर राज्य सिंहासन पर बैठकर राज्य किया। जब तक राजा प्रजा के बीच में जाकर उनके दुख और परेशानियों को नहीं समझेगा सही मानने में राज्य का संचालन नहीं कर सकता। रामचरित मानस शिक्षा प्रद ग्रंथ है जो प्रत्येक व्यक्ति के लिए अनुकरणीय है। मानस मंथन मंडल द्वारा 5 वर्ष से रामचरितमानस पर विचार संगोष्ठी कार्यक्रम अनवरत चल रहा है। आज दिनांक 30 नवंबर को महाकाल धाम मंदिर पर संगोष्ठी रखी गई। कार्यक्रम में सर्वप्रथम शुरुआत में रामचरितमानस का पाठ किया गया।

## विश्व गीता महोत्सव पर उत्कृष्ट विद्यालय में सामूहिक गीता पाठ का आयोजन हुआ



**करैरा।** विश्व गीता महोत्सव के अवसर पर सुबह 10:30 बजे से शासकीय बालक उत्कृष्ट माध्यमिक विद्यालय करैरा के प्रांगण में भगवद्गीता का सामूहिक पाठ एवं उसके गहन भावार्थ की व्याख्या का आयोजन हुआ। जिसमें अनुभवी प्रशिक्षक कौशल किशोर शर्मा, सुनीता शुक्ला तथा साधना पाठक ने छात्र-छात्राओं को गीता के प्रत्येक श्लोक का सरल हिंदी में समझाते हुए जीवन में कर्म, भक्ति, ज्ञान और वैराग्य की महत्ता बताई।


कार्यक्रम में करैरा एसडीएम अनुराग निगवाल, तहसीलदार कल्पना शर्मा, बीईओ स्वीटी मंगल, प्राचार्य अरविंद सिंह यादव, जनपद अध्यक्ष पुष्पेंद्र जाटव, नगर परिषद सीएमओ गोपाल गुप्ता, नगर परिषद अध्यक्ष शारदा रावत, उपाध्यक्ष राजीव सिकरवार, इंजीनियर अभय प्रताप चौहान, राजीव सिंह यादव, शिक्षक महेश लोधी एवं संजू दुबे, पटवारी पुष्पेंद्र गुप्ता तथा आरआई प्रीति रावत उपस्थित रहे।


बालक उत्कृष्ट विद्यालय के साथ शासकीय कन्या माध्यमिक विद्यालय और सांदीपनी विद्यालय के सैकड़ों छात्र-छात्राओं ने एक स्वर में गीता के अध्यायों का उच्चारण किया और प्रशिक्षकों द्वारा बताए गए भावार्थ को बड़ी तन्मयता से सुना। बच्चों की आँखों में गीता के संदेश से उत्पन्न हुई चमक और चेहरों पर शांति देखते ही बनती थी। एसडीएम अनुराग निगवाल ने कहा कि गीता महोत्सव मात्र धार्मिक उत्सव ना होकर भारत की आध्यात्मिक, सांस्कृतिक और नैतिक धरोहर का उत्सव है। भगवान श्री कृष्ण ने जिस प्रकार मोह एवं निराशा से जूझ रहे अर्जुन को गीतोपदेश देकर धर्म और कर्तव्य की सही राह दिखाई थी, उसी प्रकार जो गीता पाठ कर सकते हैं वह श्रीमद् भागवत गीता से सीखें सिखाए और जो नहीं कर सकते हैं वह अपने बड़े बुजुर्गों से सही कर्म,धर्म और भक्ति का भाव सीखें जिससे तनाव मुक्त जीवन से आनंदित जीवन की ओर अग्रसर हो सके।

### थूवोन जी में धर्मसभा को सुनने के लिए भक्तों की उमड़ रही भीड़

# सैनिकों के कारण ही आज हमारा देश सुरक्षित है: सुधासागर महाराज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर





निर्यापकाचार्य मुनि पुंगव श्री सुधासागर जी महाराज ने थूवोन जी में धर्मसभा को संबोधित करते हुए कहा कि रिषभ देव ने सैनिक को तलवार दी और साधु को पिच्छिका दी। यदि सैनिक को पिच्छिका दे दी होती तो आप जो घर में बैठकर धर्म ध्यान कर रहे हैं, व्यापार, खेती बाड़ी के साथ ठाट से रह रहे यह संभव नहीं होता। उन्होंने कहा कि जैन दर्शन का अनेकांत तुम्हारी अवस्था को देखता है अवस्था क्या है न पिच्छिका धर्म है न तलवार धर्म है अवस्था के अनुसार व्यवस्था की जायेगी। दुश्मन को पिच्छिका से नहीं रोका जा सकता दुश्मन को रोकने के लिए सैनिक के हाथ में बंदूक दी गई तभी तुम आज मन्दिरो में बैठ कर धर्म कर रहे हो। इसमें सीमा पर तैनात सैनिकों का बड़ा योगदान है। आपको महसूस नहीं हो रहा। पहले जब राज तंत्र था तो राजा के समाप्त होते ही धर्म भी समाप्त हो जाता था कभी कभी मारना भी धर्म होता है। क्योंकि सैनिक के कारण देश सुरक्षित है।

#### यह निश्चित करना पड़ेगा तुम कौनहो तुम्हारी अवस्था क्या है

उन्होंने कहा कि तुम कौन हो तुम्हारी अवस्था क्या है जब भी कोई शुभ कार्य होता है तो दीप प्रज्वलन से शुभारंभ किया जाता है तुम दीप प्रज्वलन को शुभ मानते हों। लेकिन मुनिराज से तुमने आज तक पांच महीने एक बार भी दीप प्रज्वलन नहीं कराया। मंत्री आ गये, कलेक्टर, एसपी आ गये तो सब लोग उनसे दीप प्रज्वलन कराते हैं। हम तो सबसे बड़े अतिथि है लेकिन एक भी दिन मुझ से दीप प्रज्वलित नहीं कराया। अवस्था के अनुसार व्यवस्था बनाना है। हम मुनि है हम दीप नहीं जला सकते आपको क्रोध करने की छूट है आपको हिंसा करने की छूट है लेकिन आप कौन हो तुम सैनिक हो दिन भर सीमा पर सैनिक बंदूक लिए बैठा है फिर भी सैनिक को हिंसक नहीं कहा गया। वल्कि शहीद व राष्ट्र भक्त के नाम से जाना जाता है। हिंसा में भी धर्म मुनि महाराज से एक चींटी मर गई तो महापाप लगने के कारण प्रायश्चित लेना होगा यही अनेकांत दर्शन हैं।

#### मन्दिर में आप गंदगी करेंगे तो पाप लगेगा, पक्षी बीट करें तो कुछ नहीं

उन्होंने कहा कि अवस्था के अनुसार व्यवस्था बनाओ मन्दिर में गंदे काम करेंगे तो उसको पाप लगेगा। वहीं कार्य पशु पक्षियों के करने पर पाप नहीं लगता। पक्षी मन्दिर में बीट कर देते हैं उन्हें कोई पाप नहीं लगता लेकिन यदि आप ने गंदगी कर दी तो महा दोष लगेगा। प्रातःकाल की वेला मन्दिर जाने की है, जिस समय आपको पूजा अर्चना करना हैं उस समय दूसरा काम करोगे तो उसमें सफलता नहीं मिलेगी। यदि सफल होना है तो समय को जिसे आप काल कहते हैं उसे सिद्ध करना होगा।

#### आप आर्य हो आप भारतीय हो तो आपको काल का ज्ञान होना चाहिये

उन्होंने कहा कि किस समय कौन सा काम करना है आप आर्य हो आप भारतीय हो तो आपको काल का ज्ञान होना चाहिये। कालातीचार एक बड़ा अतिचार है। किसान का खेत है बीज भी वही है यदि सही समय पर बीज का वपन समय पर नहीं किया तो फ़सल नहीं आयेगी। समय पर बीज को बोने पर फसल मिलेगी इसलिए काल का ज्ञान होना चाहिये। इससे भी काम नहीं चलेगा आप कौन हैं आप मनुष्य है धार्मिक दृष्टि नहीं है आपको मानव पर्याय मिलीं है तो आपके क्या कर्तव्य है फिर आपकी अवस्था क्या है।

#### युवा वर्ग व समन्वय ग्रुप का सम्मान किया गया

क्षेत्र कमेटी के प्रचार मंत्री विजय धुर्रा ने कहा कि परम पूज्य निर्यापकाचार्य राष्ट्रसंत मुनि पुगंव श्री सुधासागरजी महाराज के आगमन से पहले चक्रवर्ती यात्रा से ही श्री दिगम्बर जैन युवा वर्ग यहां सुशाव्द भोजन की व्यवस्था के साथ आतिथ्य सत्कार में लगा है। वहीं समन्वय ग्रुप के साथियों ने शिलान्यास समारोह व शुद्ध भोजन व्यवस्था की दर्शनोदय तीर्थ थूवोनजी कमेटी आपकी सेवाओ से अभिभूत हो कर आपका अभिनन्दन कर रही हैं। इस दौरान दर्शनोदय तीर्थ थूवोनजी अध्यक्ष अशोक जैन टींगू मिल उपाध्यक्ष धर्मेन्द्र रोकड़यिा संजीव श्रागर धर्मेन्द्र रोकड़यिा संजीव जैन महामंत्री मनोज भैसरवास कोषाध्यक्ष प्रमोद मंगल दीप मंत्री शैलेन्द्र दददा राजेन्द्र हलवाई प्रदीप रानी जैन प्रचार मंत्री विजय धुर्रा सहित अन्य प्रमुख जनों ने जैन युवा वर्ग व समन्वय ग्रुप के सभी कार्यकर्ताओं का पीत वस्त्र पगड़ी मालाओं से स्वागत किया कर सम्मान किया।

### बिजली विभाग के खिलाफ पैदल विरोध यात्रा निकाली जाएगी

**अशोकनगर।** बिजली बिलों में हो रही अनियमितताओं और उपभोक्ता समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर अशोकनगर से भोपाल तक एक पैदल विरोध यात्रा निकाली जाएगी। यह यात्रा अशोकनगर कॉलेज के सामने स्थित हनुमान मंदिर से शुरू होगी। विरोध यात्रा का उद्देश्य बिजली विभाग द्वारा हो रही लापरवाहियों, मनमानी बिलिंग, और उपभोक्ताओं की अनसुनी शिकायतों के खिलाफ आवाज उठाना है। आयोजकों का कहना है कि यह यात्रा पूरी तरह शांतिपूर्ण होगी और जनता के अधिकारों को सरकार तक पहुँचाने का प्रयास करेगी। यात्रा के दौरान विभिन्न स्थानों पर लोगों से समर्थन जुटाया जाएगा तथा समस्याओं को दस्तावेज़ रूप में संकलित कर भोपाल में संबंधित अधिकारियों को सौंपा जाएगा। आयोजकों ने क्षेत्र की जनता से अपील की है कि इस लोकतांत्रिक आंदोलन में शामिल होकर अपनी आवाज बुलंद करें।